


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 149 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 01 मार्च 2025 डाक 02 मार्च 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैदराबाद में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह में शामिल हुए



**देश-विदेश**
रोहिंग्या बच्चों को सरकारी स्कूलों में मिल सकेगा प्रवेश, सुप्रीम कोर्ट ने दिया अहम निर्देश



**फीचर पेज**
होली खेलते समय महिलाओं को पहनने चाहिए ऐसे कपड़े, त्योहार का मजा हो जाएगा दोगुना



# बर्फ में फंसी जिंदगियां... लापता हुए 47 मजदूरों को बचाया गया, 8 की तलाश जारी

**देहरादून, 01 मार्च [एजेंसी]।**

उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में लगातार हो रही बर्फबारी के कारण कर्फ्यू जैसी स्थित हो गई है। बर्फबारी के चलते कई मार्ग बंद हो गए हैं। सड़कों पर कई किमी तक बर्फ ही बर्फ पसरी हुई है। जिससे जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। आज भी उत्तराखंड के कई जिलों में बारिश के आसार हैं। इसके बाद तीन और चार मार्च को भी मौसम खराब रहने की संभावना है। शनिवार को देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, टिहरी, पौड़ी, चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, नैनीताल और चंपावत में बारिश की संभावना है। 2500 मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थानों में हल्की से मध्यम बर्फबारी हो सकती है।

हिमस्खलन को लेकर भी अलर्ट जारी किया है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर हिमस्खलन को लेकर चेतावनी जारी की गई है। इसमें सबसे ज्यादा खतरा चमोली जिले को है। उत्तराखंड के माणा में ग्लेशियर टूटने से भारी हिमस्खलन हो गया था। जिससे बीआरओ के कैंप को क्षति पहुंची है। बताया गया था कि यहां करीब 57 मजदूरों के होने की सूचना है। हिमस्खलन से जहां कई मार्गों को बंद कर दिया गया है। वहीं कई जगहों पर क्षति भी पहुंची है। सीमांत जिले में बारिश व बर्फबारी से गंगोत्री हाईवे पर गंगनानी से आगे आवाजाही ठप हो गयी है। गंगनानी से गंगोत्री के बीच हाईवे पर डबरानी में हिमस्खलन हुआ है। फिलहाल चमोली में मौसम साफ हो गया है। बारिश और बर्फबारी थम गई है। रेस्क्यू ऑपरेशन सुबह फिर से शुरू किया गया है। बद्रीनाथ धाम में मौजूद सेना व आईटीबीपी लापता मजदूरों की खोजबीन में जुटी हुई है। भारतीय सेना ने अथक प्रयासों के बाद 14 और मजदूरों को बचा लिया है। जिनमें से एक को माना हिमस्खलन स्थल से गंभीर पाया गया। बचाए गए कर्मियों को चिकित्सा सहायता और आगे के इलाज के लिए माना आर्मी कैंप में लाया गया है।



फिलहाल अभी भी बचाव कार्य जारी है। वहीं हेलीकॉप्टर सेवा भी शुरू कर दी गई है। अभी तक बर्फ में दबे 47 लोगों को निकाल लिया गया है। अभी भी 8 लोगों की तलाश की जा रही है।वहीं सीएम धामी ने फोन से माणा के निकट हुए हिमस्खलन में फंसे हुए श्रमिकों को निकालने के लिए चलाए जा रहे राहत एवं बचाव अभियान की विस्तृत जानकारी ली। जिन श्रमिकों को कल बाहर निकाल लिया गया था उनमें से गंभीर रूप से घायलों को हायर सेंटर भेजने के लिए एयरलिफ़्ट करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि मैं खुद भी स्थलीय निरीक्षण करने को चमोली के लिए निकल रहा हूं। मौसम खुलने के साथ ही राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाई गई है। प्रभु बदरी विशाल की कृपा एवं बचावकर्मियों के अथक परिश्रम से जल्द से जल्द बर्फ में फंसे सभी श्रमिकों को सकुशल निकालने का प्रयास किया जा रहा है। गोपेश्वर के 40 से अधिक गांव हिमाच्छादित है। औली, बदरीनाथ, जोशीमठ मलारी व गोपेश्वर चोपता हाइवे बर्फबारी के चलते बाधित है। बर्फबारी व वर्षा से ठंड भी बढ़ी है।

चमोली जिले में दो दिनों से श्री बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब, औली, ज्योतिर्मठ के साथ 40 से अधिक गांवों में लगातार बर्फबारी व निचले स्थानों में वर्षा जारी है। गोपेश्वर चोपता हाइवे धौतीधार से आगे बर्फ के कारण बंद है। जबकि औली जोशीमठ मोटर मार्ग कवांड बैंड से आगे चार किमी क्षेत्र में बंद है। नीति मलारी हाइवे भापकुंड से आगे बंद है। जबकि बदरीनाथ हाइवे हनुमान चट्टी बर्फबारी के चलते बंद है। गोपेश्वर के आस पास भारी ओलावृष्टि हुई है। बर्फबारी से गंगा व यमुनाघाटी के कुल 24 से अधिक गांव हिमाच्छादित हो गए हैं। वहीं, बारिश व बर्फबारी से दोनों घाटियों में कुल 48 गांवों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। यमुनोत्री धाम में लगातार बर्फबारी से तीन फीट तक बर्फ जम चुकी है। वहीं, गंगोत्री धाम में चार फीट तक बर्फबारी होने का अनुमान है।

# करारा तमाचा पड़ा... ट्रंप-जेलेंस्की की लड़ाई पर रूस ने लिए मजे, यूक्रेन पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** अमेरिका पहुंचे यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और डोनाल्ड ट्रंप में आज कैमरे के सामने तीखी बहस देखने को मिली। रूस से युद्ध खत्म करने पर बात करने पहुंचे जेलेंस्की ने ट्रंप से ही लड़ाई मोल ले ली। अब इस बहस के मजे लेते हुए रूस ने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की पर तंज कसा है। रूस ने व्हाइट हाउस में ट्रंप और जेलेंस्की के बीच तीखी बहस पर खुशी जताई और कहा कि वो इसी के हकदार थे। रूस ने कहा कि ये लड़ाई मॉस्को के लिए एक तोहफा है, जो ट्रंप की नई सरकार के साथ बेहतर संबंध बनाने पर काम कर रहा है। रूस की सिक्योरिटी काउंसिल के उपाध्यक्ष मेदवेदेव ने भी इस पर बयान दिया है। टेलीग्राम पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, ओवल ऑफिस में जेलेंस्की की बुरी तरह पिटाई हुई। ये तो यूक्रेनी राष्ट्रपति बच गए कि ट्रंप और वेंस ने बहस के दौरान जेलेंस्की पर हमला नहीं कर दिया। हालांकि, चैनलों पर सबने सब देखा। जिस हाथ ने खिलाया, उसे को जेलेंस्की काट रहे थे।पूर्व रूसी राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने ट्रंप के जवाब को जेलेंस्की पर एक जोरदार तमाचा बताया। उन्होंने कहा कि जेलेंस्की बड़ी हवा में थे, लेकिन ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने उनपर अमेरिका का अपमान करने का आरोप लगाया है। आज व्हाइट हाउस में बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप और जेलेंस्की में रूस से युद्ध को लेकर तीखी बहस हो गई। ट्रंप ने कहा कि जेलेंस्की युद्धविराम न करके लाखों लोगों की जिंदगी के साथ खेल रहे हैं। ट्रंप ने ये भी कहा कि जेलेंस्की तीसरे विश्वयुद्ध के लिए जुआ खेल रहे हैं और आखिर में रूस से समझौता करना पड़ेगा। इसका जवाब देते हुए जेलेंस्की ने कहा कि हमें युद्धविराम की जरूरत नहीं है। ट्रंप ने इस पर कहा कि जेलेंस्की ने वाशिंगटन में अमेरिका का अनादर किया है, अब वो तभी यहां वापस आ सकते हैं जब वह शांति के लिए तैयार हों। फ

# एक बार फिर सीएम सैनी और भूपेंद्र हुड्डा आमने-सामने, सरकार के कामों को लेकर गरमाई सियासत, लगाए बड़े आरोप

**चंडीगढ़ 01 मार्च।** हरियाणा में भाजपा की सरकार में हुए 10 सालों में हुए कामों पर फिर राजनीति गरमाई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में न कोई बड़ा उद्योग लगा और न बड़ी परियोजना। न ही कोई बड़ी यूनिवर्सिटी, कोई मेडिकल कालेज या अन्य बड़ा संस्थान स्थापित किया गया है। इस पर मुख्यमंत्री ने मनोहर-नायब उपलब्धियां गिनाते हुए पलटवार कर कहा कि इस दौरान प्रदेश में सात लाख 66 हजार एमएसएमई लगे हैं। हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोल रहे। प्रदेश में आज 23 राज्य विश्वविद्यालय हैं।अपने निवास पर मीडिया से बातचीत में हुड्डा ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं से लेकर भर्ती परीक्षाओं तक के पेपर में घोटाले हुए हैं। इसके बावजूद अब तक किसी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की तरह प्रदेश में बेरोजगारी और अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं।



विधानसभा के बजट सत्र में कांग्रेस पेपर लीक, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाएगी।वहीं, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि राज्य सरकार ने ईज आफ डूइंग बिजनेस का एक इको-सिस्टम तैयार किया है। आज हरियाणा में निवेशकों को 150 से अधिक सेवाएं ऑनलाइन प्रदान की जा रही हैं और उन्हें सभी स्वीकृतियां 12 दिनों में देना सुनिश्चित किया गया है।



# छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में पाली महोत्सव का हुआ समापन





## पाली महोत्सव से कोरबा को मिल रही अलग पहचानः कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में महाशिवरात्रि पर्व पर पाली में आयोजित दो दिवसीय पाली महोत्सव का समापन समारोह आयोजित हुआ । कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पाली महोत्सव कोरबा वासियो के लिए गौरव की बात है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पाली देवाधिदेव भगवान शिव व महिषासुर मर्दिनी की नगरी है। जिसका अपना ऐतिहासिक महत्व है। तीज, त्यौहार, मड़ई, मेला, सुआ, ददरिया ये हमारी संस्कृति की पहचान है, इसकी रक्षा की जिम्मेदारी हम सबकी है। कैबिनट मंत्री ने कहा कि पाली महोत्सव के दो दिवसीय कार्यक्रम में बॉलीवुड, छालीवुड सहित स्थानीय कलाकारों द्वारा अपनी कला संस्कृति का शानदार प्रस्तुति दी। जिसका हम सभी ने भरपूर आनंद लिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य स्थानीय कला संस्कृति को बढ़ावा देना, स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करना एवं मंच के माध्यम से आमजनों का मनोरंजन करना है। जिला प्रशासन द्वारा महोत्सव का बहुत अच्छा आयोजन किया गया है। आगे भी प्रशासन द्वारा इस प्रकार का आयोजन किया जाता रहेगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार के गठन के साथ ही मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में प्रदेश का विकास तेजी से किया जा रहा है। अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन लाभान्वित हो रहे हैं। किसानों के परिश्रम को सम्मान देते हुए उनके उपज को 3100 रुपए प्रति क्विन्टल एवं 21 क्विन्टल प्रति एकड़ की दर से खरीदी की गई है। इसी प्रकार प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में आगे भी निरंतर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पाली में भी क्षेत्रवासियों की मांग को ध्यान में रखकर अनेक विकास कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई है। यहां के प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थल की व्यवस्थित विकास हेतु कार्य योजना तैयार कर डीएमएफ के आने वाली बैठक में अनुमोदन कर कार्य की स्वीकृति प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार आगे भी विकास कार्य निरंतर जारी रहेगा। श्री देवांगन ने गरिमामय कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। समापन समरोह को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर श्री वसंत ने सभी को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पाली की शिव मंदिर की गरिमा को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। क्षेत्र के विकास के सम्बंध में आने वाली बैठक में चर्चा कर ऐतिहासिक महत्व के स्थलों का व्यवस्थित ढंग से विकास किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के आपसी समन्वय से विकास कार्यो में तेजी आएगी । आभार प्रदर्शन जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश नाग ने किया।समारोह को विधायक पाली तानाखार श्री तुलेश्वर मरकाम, विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल,नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सम्बोधित किया एवं सभी को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का आनंद लेने का आग्रह किया।इस दौरान जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पाली महोत्सव के अंतर्गत आयोजित विडियोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जिसके अंतर्गत प्रथम पुरस्कार पाली के रितिक कुमार पटेल, द्वितीय स्थान आईटीआई रामपुर कोरबा के विवेक कुमार यादव , तृतीय स्थान पाली के किसन कुमार मरकाम ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को मंच से अतिथियो द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष पाली श्री अजय जायसवाल, सरपंच श्रीमती गिरजा सत्यनारायण पैकरा, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं भारी संख्या में आमनागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों सहित अधिकारियों ने कलाकारों की प्रस्तुति का आनंद लिया। जिला प्रशासन द्वारा कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बॉलीवुड के मशहूर गायक शान की सुरीली आवाज ने बांधा समाशान की गीतों पर जनकर झूमे दर्शकलोकप्रिय छत्तीसगढ़ी गायक दिलीप षड़ंगी ने दी मनमोहक प्रस्तुति पाली महोत्सव के समापन अवसर पर बॉलीवुड के मशहूर गायक शान के गीतों ने समा बांधा, उनके गीतों पर दर्शक जमकर झूमे, शान की सुरीली आवाज ने दर्शकों का मन मोह लिया और दर्शक उनके गीतों में खूब नाचे। शान ने मैं हूँ डॉन गाने के साथ मंच पर प्रवेश किया। दर्शकों से रूबरू होते हुए उन्होंने भगवान शिव की वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। लोकप्रिय छत्तीसगढ़ी गीत छूनुर छुनुर पैरी बाजे.. गीत से उन्होंने पाली के लोगों समन्वय बनाया। चार कदम बस चार कदम चल दो ना साथ मेरे, चांद सिफारिश जो करता हमारी,.. हे शोना हे शोना,. दिवानगी दिवानगी,. ओम शांति ओम, दिल ने तुमको चुन लिया है,..तन्हा दिल तन्हा सफर,. जैसे अनेक लोकप्रिय गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। शान के सुरीली आवाज सुनकर दर्शक खुद को झूमने से नही रोक सके और सभी दर्शक झूमने लगे।शान ने कहा कि यह उनके लिए बड़े हर्ष की बात है कि भगवान शिव की नगरी पाली में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर उन्हें कार्यक्रम प्रस्तुत करने का अवसर मिला है।पाली में भगवान भोलेनाथ का बहुत प्राचीन मंदिर है जो कि अपनी एक अलग पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि कुछ माह पूर्व ही वे रायपुर में राज्योत्सव में प्रस्तुति देने आए थे, उसके बाद आज कोरबा के खूबसूरत शहर पाली में परफार्म करने आए है। उन्होंने पाली की खूबसूरती की तारीफ करते हुए कहा कि यहां की वादियां बहुत अच्छी है , शहर के चकाचौंध से दूर यहां एक से एक दिलकश नजारे है, हवा की ताजगी से एक नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। शान ने लोगों को इस खूबसूरत शहर को हमेशा स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।इसी प्रकार पाली महोत्सव के समापन अवसर पर लोकप्रिय छत्तीसगढ़ी गायक श्री दिलीप षड़ंगी ने भी मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मां सर्वमंगला की वंदना से उन्होंने देश प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। उनके चंदवा बैगा गीत से दर्शक आनंदित हुए। इस दौरान दुर्गेश साहू ने भजन की प्रस्तुति एवं अन्य स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया।

# महाकुंभ स्थान करने गए कोरबा के व्यवसायी हुए चैनस्नेचिंग का शिकार

**कोरबा।** महाकुंभ के अवसर पर गंगा स्नान सहित अयोध्या व काशी विश्वनाथ का दर्शन करने गए कोरबा के सर्राफा व्यवसायी जगदीश सोनी चेन स्नेचिंग का शिकार हो गए।

काशी विश्वनाथ मंदिर के प्रवेश सिंह द्वार पर तीन तरफ से आने वाली अपार भीड़ के बीच अज्ञात शख्स ने उनके सिर पर टॉवल जैसा कुछ डाला और चंद सेकंड के भीतर लगभग पौने दो लाख कीमत का सोने का चैन झपटकर चुरा लिया गया। व्यापारी ने सजगता दिखाई और बड़ी ही तत्परता से पीछे मौजूद एक महिला को पकड़ लिया। उस महिला का पुरुष साथी वहां से भाग निकलने में सफल हो गया। भीड़ इतनी जबरदस्त थी कि एक-दूसरे की धक्का-मुक्की में वह महिला हाथ छुड़ाकर भागने में सफल हो गई। इस वक्त उस महिला को अपने परिजन के हवाले कर जगदीश सोनी घटना स्थल सिंह द्वार से चंद कदम दूर गली में मौजूद पुलिस चौकी में सूचना देने गए थे,तब पुलिस कर्मी ने उन्हें ही आरोपी को पकड़ लेने की नसीहत दी। श्री सोनी ने बताया कि संदेही महिला को पकड़ कर रखे हैं लेकिन जब परिजन के पास पहुंचे तो पता चला कि संदेही महिला भाग निकली। इधर जगदीश सोनी घटना की लिखित शिकायत कर लौटे तब उन्हें भीड़ में एक संदिग्ध महिला नजर आई जो आरोपी महिला के आसपास साथ में दिखी थी। जगदीश सोनी ने बिना समय गवाए संदेही महिला को पकड़कर पुलिस चौकी पहुंचाया।संदेही महिला को पुलिस रक्षा में ले लिया गया। जगदीश सोनी ने लिखित में अपनी शिकायत चौकी में दे दी लेकिन द्धद्बह्ल नहीं लिखी गई। श्री सोनी ने सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारी को घटना की जानकारी दी और फिर घटनाक्रम के बारे में बनारस के पुलिस कमिश्नर एवं एएसपी को अवगत कराया गया। बनारस के पुलिस विभाग के आला अधिकारियों ने इस बारे में संबंधित थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी से बात की। जगदीश सोनी के आग्रह एवं कमिश्नर के निर्देश बाद घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की निगरानी के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम में श्री सोनी को ले जाकर फुटेज दिखाया गया जिसमें उक्त दोनों संदेही महिला नजर आई। देखा गया कि करीब 5-6 लोगों का गिरोह सिंह द्वार के आसपास छिनतई जैसी वारदात करने के लिए मौजूद था जिसमें पुरुष भी शामिल थे। बहरहाल जगदीश सोनी की रिपोर्ट पर लगभग 12 घंटे बाद रात करीब 12 बजे दर्ज करते हुए इसकी नकल उपलब्ध कराई गई। फुटेज में उक्त महिला की पहचान के बाद भी आरोपी के कॉलम में अज्ञात लिखा जाना पुलिस कार्रवाई को संदेहास्पद बनाता है। वहीं यदि उच्च अधिकारियों से संपर्क न साधा गया होता, उनका दबाव न होता तो इस मामले की चौकी में द्धद्बह्ल भी दर्ज नहीं होती। 0 रिपोर्ट के अभाव में वारदात के आंकड़े नगण्य - जगदीश सोनी ने बताया कि काशी विश्वनाथ का दर्शन करने पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ में इस तरह की वारदात कई बार घटित हो गई होगी। इन वारदातों को अधिकांश लोग अपने साथ अनहोनी, प्रभु की इच्छा मानकर और इस भीड़भाड़ में किस पुलिस के पास जाकर गुहार लगाएं, किस थाना-चौकी में रिपोर्ट लिखाकर पचड़े में फंसे, इससे बचने के लिए लोग रिपोर्ट दर्ज नहीं कराते। अन्यथा इस तरह की छिनतई, पॉकेटमारी की कई शिकायत अब तक थाना-चौकी में दर्ज हो चुकी होती। घटनाक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने भी इस बात को स्वीकार किया कि पुलिस यहां मौजूद रहती है लेकिन सुरक्षा के नाम पर जनता को किसी तरह की राहत नहीं मिल पाती। पुलिस सिर्फ भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश में ही लगी रहती है, किसी तरह के अपराध की रोकथाम के लिए अथवा अपराध घटित होने पर तुरंत फौरी तौर पर अपराधी की धर पकड़ के लिए प्रयास किसी भी सूरत में काफी नजर नहीं आते

# जनरल मजदूर नही अब असिस्टेंट कहलाएंगे ये कोल कर्मी

**कोरबा ।** कोल इंडिया ने एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए अपने कर्मचारियों के पदनाम में बदलाव किया है। अब कोल इंडिया के किसी भी व्यक्ति को जनरल मजदूर नहीं कहा जाएगा, बल्कि उनका नाम बदलकर जनरल असिस्टेंट कर दिया गया है, जिसका अर्थ है सामान्य सहायक।इस फैसले पर देव कुमार वर्मा, विभागध्यक्ष और वरिष्ठ प्रबंधक, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड ने कहा कि यह निर्णय उनके लिए भी गौरवशाली दिन है, क्योंकि अब वे गर्व से कह पाएंगे कि वे एक जनरल असिस्टेंट के बेटे हैं।कोल इंडिया के इस फैसले से अपने कर्मचारियों के सम्मान और गरिमा को बढ़ावा मिलेगा। यह फैसला कोल इंडिया के कर्मचारियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो उनके काम और योगदान को मान्यता देती है।

इस फैसले के बाद, कोल इंडिया के सभी जनरल मजदूरों को जनरल असिस्टेंट के रूप में संबोधित किया जाएगा। यह बदलाव कोल इंडिया के सभी कार्यालयों और खनन स्थलों पर लागू किया जाएगा।

## पूर्व मंत्री अग्रवाल के जन्मदिन पर हो रहे विभिन्न कार्यक्रम



**कोरबा।** पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रसेन भवन मार्ग स्थित उनके निवास पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है।उक्त जानकारी देते हुए उनके निज सहायक सुरेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि पूर्व मंत्री अग्रवाल के जन्मदिवस पर उनके निवास के साथ-साथ उनके समर्थकों के द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जिसमें सर्वप्रथम प्रात: 11 बजे सर्वमंगला मंदिर पहुंचकर माँ सर्वमंगला माता के दर्शन व विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना करेंगे तत्पश्चात परिसर में ही संचालित वृद्धा आश्रम जाकर, वृद्धजनों से भेंट मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लेंगे। तत्पश्चात् प्रात: 11.30 बजे राताखार में संचालित गौ सेवा संस्थान, दोपहर 12 बजे एसईसीएल कालीबाड़ी स्थित काली मंदिर के दर्शन व पूजन करने के बाद कुष्ठ आश्रम पहुंचकर भोज प्रसाद का वितरण करेंगे। संध्या 05 बजे मानिकपुर वार्ड क्र. 33, संध्या 05.30 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर, संध्या 06 बजे दिव्य ज्योति स्कुल डिंगापुर, रात्रि 07 बजे आदिवासी शक्तिपीठ बुधवारी में जन्मदिवस की खुशियाँ बाटेंगे। वही रात्रि 07.15 बजे नवभारत महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का ओपन थियेटर में शुभारंभ करेंगे। तत्पश्चात् रात्रि 07.45 बजे परसाभाठा वार्ड क्र. 45 एवं रात्रि 08.15 बजे नेहरूनगर वार्ड क्र. 44 में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

## रिटायर मेन से पहले सचिव ने किया खेला

कोरबा। कलेक्टर के सख्त निर्देश के बाद भी ग्राम पंचायतों में बोगस भुगतान का खेल लगातार जारी है। ताजा मामला जनपद कोरबा के धनगांव का है जहाँ सरपंच, सचिव और करारोपण ने सांठगांठ कर 16 लाख रुपयों का बोगस आहरण कर लिया है। सरपंच चुनाव के ठीक पहले ग्राम पंचायतों में सरकारी खजाने की जमकर लूट की गई है। सूत्र की माने तो कोरबा जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत धनगांव में सीसी रोड , सरकारी भवन की पोताई और समर्सिबल पंप के नाम पर 49 हजार 900 के हिसाब से बिल बनाकर 16 लाख रुपया निकाला गया है। सूत्र बताते है सरकारी खजाने को लूटने के लिए करारोपण ने प्लान तैयार किया था। सचिव , सरपंच को मैं हूँ न का दम दिखाकर रकम निकलवाया गया। 16 लाख रकम निकलने की जानकारी मिलने के बाद नव नियुक्त सरपंच अब सरकारी राशि गबन की शिकायत करने वाले है। ग्रामीण अंचल के जानकारों की माने तो जनपद पंचायत कोरबा के बिगड़ैल सचिवो ने अचार सहिंता लगने के पहले जमकर सरकारी राशि का बंदरबांट किया है।

### 2 मार्च को, तैयारी का जायजा लिया मनोज शर्मा ने

कोरबा। कोरबा जिले के कोयलांचल दीपका की नगर पालिका परिषद में इस बार भारतीय जनता पार्टी के राजेंद्र सिंह राजपूत अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं।

## पार्षद नरेंद्र देवांगन ने किया चौपाटी का शुभारंभ

**कोरबा।** नगर पालिक निगम कोरबा के पार्षद एवं चौपाटी संघ के अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन ने स्मृति उद्यान के पीछे स्थित चौपाटी का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। उन्होने चौपाटी संघ के सदस्यों व दुकान संचालकों को अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी। अब चौपाटी का विधिवत संचालन प्रारंभ हो गया है, जहाँ पर आमजन पहुंचकर अपने पसंदीदा व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन व निगम प्रशासन की पहल पर घंटाघर मैदान में लगने वाले खान पान के ठेलों, दुकानों को स्मृति उद्यान के पीछे निर्मित चौपाटी में स्थानांतरित किया गया है। चौपाटी संघ के अध्यक्ष व पार्षद नरेंद्र देवांगन ने चौपाटी संघ के पदाधिकारियों, सदस्यों व अन्य नागरिकों की उपस्थिति में फीता काटकर चौपाटी का विधिवत शुभारंभ किया, इसके साथ ही चौपाटी का संचालन प्रारंभ हो गया। अब आमजन चौपाटी में स्वादिष्ट व्यंजनों का पुन: लुत्फ उठा सकेंगे। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी रामकुमार राठौर, शैलेश सिंह सोमवंशी, कमलेश सोनी, हसीन अहमद, प्रेमनारायण वैष्णव, संतोष कुशवाहा, रिजवान खान, पुष्पेन्द्र राजपूत, राज सिंह, देव गुर्जर आदि के साथ चौपाटी संघ के अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।

# नगर निगम आयुक्त ने घर-घर पहुंचकर लोगों को दिया स्वच्छता का संदेश

**कोरबा।** निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत गली-गली, घर-घर पहुंचकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता जागरूकता से संबंधित पोस्टर पम्पलेट वितरित कर उनसे अपीलकरी कि आईए अब तक अपने घर को साफ रखा, अब अपने शहर को साफ करें, न तो खुद गदंगी करें और न ही किसी अन्य व्यक्ति को गदंगी करने दें। उन्होने आग्रह किया कि घरों से निकले कचरे को नाली, सड़क व सार्वजनिक स्थान पर न डालें, दुकानों, ठेलों, गुमठियों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें। इस मौके पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा के साथ ही निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत सीतामणी व अयोध्यापुरी वार्ड में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया, वहीं दूसरी ओर इन दोनों वार्डो में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कर वृहद स्तर पर एक अभियान के रूप में साफ-सफाई के कार्य भी कराए गए। आयुक्त आशुतोष पांडेय ने स्वच्छता जागरूकता अभियान में भाग लेते हुए गली-गली, घर-घर पहुंचकर वहाँ के रहवासियों को स्वच्छता का संदेश देते हुए स्वच्छता जागरूकता पोस्टर पम्पलेट लोगों के वितरित किए, इस मौके पर आयुक्त श्री पांडेय ने बस्ती के रहवासियों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की जानकारी देते हुए उनसे कहा कि वे साफ-सफाई कार्यो एवं शहर को साफ-सुथरा रखने में अपना सहयोग देकर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की रैकिंग में अपने कोरबा शहर को उच्चतम रैकिंग का सम्मान दिलाएं। इस मौके पर बस्ती के जिन लोगों के घरों के सामने बेहतर साफ-सफाई दिखी, आयुक्त श्री पांडेय ने उन घरों के बच्चों को चाकलेट देकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा इसी प्रकार साफ-सफाई बनाए रखने हेतु प्रोत्साहित किया।

इस मौके पर आयुक्त श्री पांडेय ने बस्तीवासियों से कहा कि आईए हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि घरों से निकले कचरे को सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थान पर कदापि नहीं डालेंगे, हम न तो गदंगी करेंगे और न ही किसी अन्य को गदंगी करने देंगे। घर से निकले सूखे व गीले कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखेंगे तथा निगम के सफाई रिक्शें में ही कचरे को देंगे। खुले में शौच हेतु नहीं जाएंगे, केवल शौचालय का उपयोग करेंगे तथा अपने कोरबा शहर को स्वच्छ कोरबा-सुंदर कोरबा-निर्मल कोरबा बनाएंगे।

गली-गली, घर-घर भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पांडेय ने अपने कोरबा शहर की ''एक पाती-प्रेम की'' लोगों तक पहुंचाई तथा वहाँ के बच्चों से उक्त पाती का वाचन कराकर लोगों को सुनवाया। पाती में हमारे कोरबा शहर ने अपने नागरिकों से भावुक अपील करते हुए शहर को साफ-सुथरा रखने, गंदगी न करने, कोरबा को स्वच्छ, सुंदर, निर्मल रखने का आग्रह किया है। आयुक्त श्री पांडेय अयोध्यापुरी स्थित एस.एल.आर.एम. सेंटर पहुंचे तथा वहाँ पर स्वच्छता दीदियों द्वारा बना पैकेटबद्ध की गई कोहडा बडी, मक्खना बडी, जिमी कांदा बडी व बिजौरी को खरीदा। आयुक्त श्री पांडेय ने एस.एल.आर.एम. सेंटर का निरीक्षण कर सेंटर सुपरवाईजर व स्वच्छता दीदियों द्वारा की गई सेंटर की साजसज्जा, कचरे का बेहतर प्रबंधन, कबाड से जुगाड, मशरूम उत्पादन, खाद विक्रय, वहाँ की लघु उद्यानिकी व बेहतर साफ-सफाई के लिए उनके कार्य की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। सेंटर में इन सामग्रियों की खरीदी बिक्री हेतु क्यूआर कोड लगाने का सुझाव भी आयुक्त श्री पांडेय ने सेंटर सुपरवाईजर व स्वच्छता दीदियों को दिया।

**वृहद स्तर पर की गई साफ-सफाई**

नगर निगम के कोरबा जोन सीतामणी वार्ड एवं दर्री जोन के अयोध्यापुरी वार्ड में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कर वृहद स्तर पर साफ-सफाई के कार्य कराए गए, इस दौरान नाले व नालियों की तल से सफाई, बर्म, झाड़ियों की सफाई, धूल, मिट्टी, सी.एण्ड डी. वेस्ट व उत्सर्जित कचरे का उठाव एवं परिवहन सहित अन्य साफ-सफाई के कार्य एक अभियान के रूप में कराए गए। आयुक्त श्री पांडेय ने उक्त दोनों वार्डो में पहुंचकर साफ-सफाई कार्यो का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बस्तियों में भ्रमण के दौरान वहाँ पर जलाई जा रही कच्चे कोयले की सिगड़ी पर आयुक्त श्री पांडेय ने संबंधितों को कच्चा कोयला जलाने से उत्पन्न होने वाले जहरीले धुएं तथा स्वास्थ्य पर पड़ने वाले इसके गंभीर प्रभाव की जानकारी देते हुए उनसे कहा कि कच्चे कोयला जलाने से निकला जहरीला धुआं स्वास्थ्य के अत्यंत घातक है तथा बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं एवं सभी के लिए अत्यंत हानिकारक है, अत: कच्चे कोयले की सिगड़ी न जलाएं, ईंधन हेतु अन्य वैकल्पिक साधनों का उपयोग करें। स्वच्छता अभियान के दौरान सीतामणी एवं अयोध्यापुरी क्षेत्र में कुछ स्थानों पर कतिपय लोगों द्वारा सड़कों पर कचरा फेंक दिया गया था, जिस पर निगम के अधिकारियों ने कार्यवाही कर संबंधित लोगों पर अर्थदंड लगाया, साथ ही उन्हें कड़ी समझाईश दी कि सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थान पर कचरा न डालें तथा शहर को साफ-सुथरा रखने में अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त पवन वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, कार्यपालन अभियंता विनोद शांडिल्य, भूषण उरांव, अजीत तिग्गा, सहायक अभियंता एस.सी. सोनी, पीयूष राजपूत, डी.पी. साहू, रितेश सिंह, शैलेन्द्र नामदेव, ढेलूराम देवांगन, गिरवर विश्वकर्मा आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।


## दैनिक तरूण छत्तीसगढ़, कोरबा

**राजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर्स (सेंट्रल) रूल्स 1956 के अंतर्गत दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ पत्र के स्वामित्व तथा अन्य विवरण विषयक जानकारी**

### घोषणा पत्र फार्म-4

| | |
|---|---|
| 1. प्रकशन स्थान | कोरबा |
| 2. प्रकाशन अवधि | सांध्य दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम | सुभाष अग्रवाल<br>आकाश आफसेट प्रिंटर्स |
| (क्या भारतीय नागरिक है) | भारतीय |
| (यदि विदेशी हो तो मूल देश का पता) | तिलक भवन के पास<br>तिलक मार्ग टीपी<br>नगर कोरबा |
| 4. प्रकाशक का नाम | सुभाष अग्रवाल |
| (क्या भारतीय नगारिक है) | भारतीय |
| (यदि विदेशी हो तो मूल देश का पता) | तिलक भवन के पास<br>तिलक मार्ग टीपी<br>नगर कोरबा |
| 5. संपादक का नाम | सुभाष अग्रवाल |
| क्या भारतीय नगारिक है | हां |
| पता | डाकघर के पीछे<br>कोरबा |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी है तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हो | कौशल किशोर मिश्रा<br>रायपुर |

**मैं सुभाष अग्रवाल** एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य है।

**दिनांक 1 मार्च 2025**

**हस्ताक्षर**
**सुभाष अग्रवाल**
**प्रकाशक**

# खरीफ सीजन के लिए रासायनिक खाद का भंडारण, नोटिस भी दिए



**जांजगीर-चांपा।** रबी फसल के लिए किसानों को इन दिनों खाद की जरूरत पड़ रही है। इधर समितियों और निजी दुकानों में खाद की किल्लत हो रही ने है। ऐसे में विभाग की टीम ने खाद दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान गड़बड़ी पाए जाने पर निजी दुकान के संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं पोड़ीशंकर के सेवा सहकारी समिति में किसानों के लिए 5 सौ बोरी यूरिया का भंडारण कराया गया।

जिला स्तरीय उर्वरक गुण नियंत्रण दल द्वारा जिले के कृषकों को सुगमता पूर्वक गुणवत्तायुक्त कृषि बीज, उर्वरक, कीटनाशक उपलब्ध कराने हेतु निरीक्षण दल द्वारा लगातार जिले में बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का सधन जांच किया जा रहा है। उप संचालक कृषि ललित मोहन भगत ने बताया कि विकासखण्ड बम्हनीडीह में ग्राम पोडीशंकर में कृषकों के द्वारा अधिक मूल्य पर उर्वरक विक्रय की शिकायत पर जांच किया गया। कृषकों द्वारा बताया गया कि संबंधित सेवा सहकारी समिति में तद्मय उर्वरक उपलब्ध नहीं होने के कारण अन्य जिले से खाद क्रय किया जाता है। उक्त समस्या का निराकरण करते हुए उप संचालक कृषि द्वारा तत्काल सेवा सहकारी समिति पोंडीशंकर में 500 बोरी यूरिया खाद का भंडारण कराया गया। कई प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें बम्हनीडीह के मेसर्स अनुपम कृषि क केन्द्र, मेसर्स पटेल कृषि केन्द्र एवं मेसर्स संदीप कृषि केन्द्र उर्वरक प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान अनुज्ञप्ति में खोत बिना दवाई का भंडारण एवं वितरण करते पाये जाने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। उक्त कार्रवाई में सहायक संचालक कृषि अलेक्जेंडर कुजूर, जिला निरीक्षक शिव कुमार राठौर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अखिलेश तंवर, ओट्टी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कल्याण सिंह सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

# जिला पंचायत में उपाध्यक्ष पद को लेकर गगन जयपुरिया एवं राजकुमार साहू दावेदार

सीताराम नायक

**जांजगीर चांपा।** जिला जांजगीर चांपा में 17 सीटों वाली जिला पंचायत के चुनाव में भाजपा को भारी बहुमत प्राप्त हुई है जिनके 13 सदस्य इस चुनाव में जीतकर आए हैं तो वहीं कांग्रेस पार्टी को केवल चार सीटों में ही संतोष करना पड़ा। जिला पंचायत का अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित है इसलिए इस सीट के चुनाव के लिए अभी रणनीति बनाई जा रही है, परंतु उपाध्यक्ष का पद आरक्षित नहीं होने के कारण इस पद को लेकर भाजपा के ही 2 प्रमुख दावेदार उभर कर सामने आ रहे हैं। जिसमें पूर्व जिला पंचायत सदस्य गगन जयपुरिया तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। दोनों ही भाजपा के समर्थित सदस्य हैं गगन जयपुरिया जहां 21 हजार से अधिक मतों





के अंतर से दोबारा विजय हुए हैं तो वहीं राजकुमार साहू ने कांग्रेस के जाने-माने नेता दिनेश शर्मा को पराजय करते हुए दोबारा जीत हासिल किए हैं। इसलिए इन दोनों की दावेदारी आपस में तुलनात्मक दृष्टि से देखने से उचित जान पड़ता है। यहां यह बताना आवश्यक है कि जिला पंचायत जांजगीर चांपा के उपाध्यक्ष का पद धन बल के आधार पर ही जीता जाना है जहां जाने-माने व्यापारी एवं सक्रिय भाजपा नेता गगन जयपुरिया इस पद के लिए पूरी तरह से लगे हुए हैं तो वहीं राजकुमार साहू भी उपाध्यक्ष बनने के लिए इच्छुक है। वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी रणनीति तय नहीं की है कि किसे अध्यक्ष एवं किसे उपाध्यक्ष बनाया जाएगा,परंतु उपाध्यक्ष बनने के लिए उक्त दोनों नेताओं द्वारा दावेदारी की जा रही है। एक बात तो निश्चित है कि जिला पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का पद भाजपा के पास ही रहेगा क्योंकि 17 सदस्यों वाली इस जिला पंचायत में 13 सदस्य भाजपा समर्थित चुनकर आए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने अभी तक अपनी अपना पत्ता नहीं खोला है कि उपाध्यक्ष किसे बनाया जाए। परंतु गगन जयपुरिया की सक्रियता से एक तरह से उन्हें प्रबल दावेदार माना जा रहा है जो सदस्यों से संपर्क बनाने में लग गए हैं।

वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो वर्तमान में जो सदस्य जिला पंचायत में चुनकर आए हैं उनमें से 7 सदस्य (तेली)साहू समाज से हैं इस दृष्टि से देखा जाए तो राजकुमार साहू को भाजपा अपना उम्मीदवार घोषित कर सकती है क्योंकि उन्हें केवल पार्टी के लोगों का ही नहीं बल्कि जाति समीकरण के हिसाब से भी उन्हें कांग्रेस से जीतकर आए हुए व्यक्तियों का भी वोट मिल सकता है।

बहरहाल भाजपा ने किसी को भी अभी अपना उम्मीदवार घोषित नहीं की है गगन जयपुरिया एवं राजकुमार साहू दोनों किसी में से किसी एक को पार्टी द्वारा उम्मीदवार घोषित किया जा सकता है अब देखना यह होगा कि कौन नेता अपने आप को पार्टी का उम्मीदवार घोषित करा सकते है और उपाध्यक्ष के रूप में जिला पचायत में आसीन हो सकते हैं। यह देखने वाली बात होगी।

## लछनपुर में गेंद राम कुर्रे को सरपंच पद के लिए मिली जीत

**जांजगीर चांपा।** ग्राम पंचायत लछनपुर में हुए चुनाव में गेंद राम कुर्रे ने भारी मतों से जीत हासिल की है। उन्हें कुल 1381 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी सौरभ को 720 मत मिले। इस चुनाव में कुल 2151 मतदान हुए, जिनमें से 2115 मतों का आवंटन हुआ और 36 मत निरस्त हुए गेंद राम कुर्रे का कहना है कि जनता ने मुझे अपने स्नेह प्यार दिया है और विकास के कार्यों में मैं मेरा यह प्रयास रहेगा कि लछनपुर में अधिक से अधिक विकास कर सकू जिससे जनता आने वाले पांच वर्षों में मुझे पुन: ही आशीर्वाद दें। गेंद राम कुरे ने कहा कि पद भार ग्रहण करने के बाद विकास के कार्य में ध्यान दिया जाएगा और लछन पुर में विकास लगातार की जाएगी। गेंदराम कुरे ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए मैं पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। गेंद राम कुर्रे ने कहा कि मैं अपने समर्थकों और जनता का आभारी हूं जिन्होंने मुझे अपना समर्थन दिया है। मैं उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूँ। उन्होंने कहा कि मैं लछन पुर के विकास के लिए काम करूंगा और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूँ। गेंद राम कुर्रे ने कहा कि मैं अपने समर्थकों के साथ मिलकर लछन पुर को एक आदर्श ग्राम पंचायत बनाने के लिए काम करूंगा और ग्रामीणों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूँ। गेंद राम कुर्रे के समर्थन में युवाओं का समर्थन जोरदार मिला है, जो उनकी जीत का एक महत्वपूर्ण कारक है। उनकी जीत का यह परिणाम उनकी कड़ी मेहनत और जनता के समर्थन का परिणाम है। गेंद राम कुर्रे ने कहा कि मैं अपने समर्थकों के साथ मिलकर के विकास के लिए काम करूंगा और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूँ।



# शिव ध्वजारोहण व भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए भक्त

**रिगनी।** खरौद प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय तिवारी पारा खरौद सेंटर की ओर से 89 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती के अवसर पर शिव ध्वजारोहण एवं भूमि पूजन का कार्यक्रम रखा गया था। मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष भ्राता गोविंद यादव और पूर्व नगर अध्यक्ष सुबोध शुक्ला, भ्राता हुलास राम साहू, भ्राता हे कृष्ण साहू, भ्राता परमानंद रोहिदास, रीका यादव, गेंदबाई आदित्य, अमरिका बाई घृतलहरे, दीपशिखा यादव, नीलम यादव आदि ने मिलकर भूमिपूजन व शिव ध्वज फहराया। ब्रह्मकुमारी बहनों ने सभी मुख्य अतिथियों का तिलक, रिबन बैज व पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। माही, रानी ने स्वागत नृत्य से स्वागत किया।

बीके खिलेश्वरी बहन ने संस्था का परिचय दिया। बीके चंद्रकांता ने अतिथियों को तिलक लगाए। खरौद सेंटर के मुख्य संचालिका ब्रह्माकुमारी कुसुम दीदी ने परमात्मा शिव का सत्य परिचय देते हुए शिवरात्रि का अर्थ बताया। शिवरात्रि के दिन व्रत, उपवास जागरण करते हैं। शिव पर धतूरा, बेलपत्र आदि चढ़ाए जाते हैं। मनोरंजन यादव, महेश्वर प्रसाद यादव, प्रमिला यादव, सत्यम आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

## चंदनिया पारा में श्रीमद्भागवत कथा आज से शुरू

**जांजगीर।** पुराना चंदनिया पारा जांजगीर में 1 से 8 मार्च तक श्रीमद्भागवत कथा ?का आयोजन किया जाएगा। कथावाचक आचार्य पं. अश्वनी कुमार पाण्डेय होंगे। कथा का शुभारंभ 1 मार्च को भव्य कलशयात्रा के साथ की जाएगी। इसी तरह 2 मार्च को महाभारत कथा एवं गुरु चरित्र, 3 मार्च को भरत चरित्र और प्रह्लाद चरित्र, 4 मार्च को वामन अवतार, कृष्ण जन्म और राम चरित्र, 5 मार्च को गोवर्धन पूजा उत्सव, 6 मार्च को गोपी उद्योग प्रसंग, 7 मार्च को सुदामा चरित्र और 8 मार्च को सहस्त्रधारा महोत्सव के साथ कथा का समापन होगा। मुख्य यजमान में श्रीमती स्वाति दीपक यादव श्रद्धालुओं से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## पुलिस ने नाबालिगों से जब्त किए 600 कड़े

**जांजगीर।** शिवरीनारायण मेले का 28 फरवरी को समापन हो गया। 14 दिन चले शिवरीनारायण मेले में पुलिस ने 600 से ज्यादा कड़े, चार पंच, दो चाकू और अंगुलियों में पहनी जाने वाले लोहे की अंगूठियों को जब्त किया।

## बाड़ी के पैरावट में लगी आग 2 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**जांजगीर।** रायपुरा में रहने वाली महिला के घर पीछे बाड़ी में रखे पैरावट में कुछ लोग ने आग लगा दी और अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से भाग निकले, इधर वरदात के बाद पुलिस आरोपियों की पतासाजी में जुटी है। बाराद्वार पुलिस के अनुसार ग्राम रायपुरा की रहने वाली महिला समारिन बाई पति शीतल बघेल बुधवार की रात अपने परिजनों के साथ घर पर सो रही थी।

रात लगभग 12 बजे अचानक घर के पीछे बाड़ी से अचानक आग की रोशनी दिखी तो समारिन टार्च लेकर बाड़ी की ओर निकली। समारिन बाड़ी का दरवाजा खोली तो वहां रखे पैरावट में आग की लपटें उठ रही थी।अचानक महिला को घर से निकलते देख दो युवक भागने लगे। भागते समय महिला की नजर गांव के हेमंत रात्रे पर पड़ी, महिला उनका पीछा करने लगी, मगर अंधेरे का फायदा उठाकर वे भाग निकले। इधर बाड़ी में आग फैलने की खबर मिलते ही देर रात आसपास के लोगों की भीड़ लग गई और उनकी मदद से आग बुझाया गया। घटना के बाद पीड़िता थाना पहुंची और वारदात की जानकारी उन्हें दी। बहरहाल पुलिस ने मामले में हेमंत रात्रे सहित एक और अन्य व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## लेखन व दीवार पत्रिका में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षिकाओं का बीईओ ने किया सम्मान

**चांपा।** विकासखंड बम्हनीडीह में रचनात्मक लेखन एवं दीवार पत्रिका में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षिकाओं का बीआरसी भवन में सम्मान किया गया। बीईओ एमडी दीवान, बीआरसी हीरेन्द्र बेहार एवं विनोबा ऐप के एडवाइजर वरूण कप्पल के द्वारा सभी को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की गई। शासकीय प्राथमिक शाला भागोडीह के गीतिका गबेल शासकीय कन्या प्राथमिक शाला चांपा के दीपमाला सराफ एवं शासकीय प्राथमिक शाला आरक्षी केंद्र चांपा के आरती स्वर्णकार को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीईओ एमडी दीवान ने कहा कि हमारे विकासखंड के नवाचारी शिक्षकों के द्वारा शिक्षा के साथ साथ रचनात्मक गतिविधियों में भी उल्लेखनीय योगदान दिया जा रहा है। रचनात्मक लेखन और दीवार पत्रिका में बम्हनीडीड ब्लॉक का उत्कृष्ट स्थान है, यही नहीं अन्य गतिविधियों में भी हमारा ब्लॉक जिले में शीर्ष स्थान पर है। उन्होंने सभी से स्कूल में बेहतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर शिक्षा गुणवत्ता सुधार में कार्य करने के निर्देश दिए। बीआरसी हीरेन्द्र बेहार ने कहा कि रचनात्मक लेखन एवं दीवार पत्रिका के माध्यम से बच्चों के लेखन पठन कौशल का विकास होगा। बच्चों का व्यक्तिगत एवं कौशल एवं प्रतिभा का विकास होता है। विनोबा ऐप के एडवाइजर वरूण कप्पल ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक अपने अपने स्कूलों में बेहतर कार्य करते है लेकिन उन्हें मंच नहीं मिल पाता, ऐसे में विनोबा ऐप एक अच्छा माध्यम है। वे अपनी प्रतिभा सामने ला सकते है।

# परिचालकों के लाइसेंस नहीं, 15 यात्री बसों पर कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** बिना परिचालक लाइसेंस के संचालित 15 यात्री बसों पर परिवहन उड़नदस्ता ने कार्रवाई की है। बस संचालको से 57 सौ रुपए जुर्माना वसूल किया गया है। यात्री बसों का नियम विरुद्ध संचालन किये जाने की शिकायत पर उप सचिव राज्य परिवहन प्राधिकार छत्तीसगढ़ द्वारा बिना परिचालक लाइसेंस के चल रही यात्री बसों पर कार्यवाही करने करने निर्देश जारी किया गया है। निर्देश के परिपालन में परिवहन उड़नदस्ता कोरबा द्वारा 25 फरवरी एवं 26 फरवरी को जिले में जांच की गई। इस दौरान बिना परिचालक लाइसेंस के 15 यात्री बसों पर कार्यवाही करते हुए 57 सौ रुपए का जुर्मान वसूल किया गया। 28 फरवरी को जिला परिवहन अधिकारी द्वारा जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले के यात्र बस संचालकों का बैठक ली गई। बैठक में डीटीओ ने समस्त बस संचालकों को परिचालकों का परिचालक लाइसेंस बनवाने, निर्धारित वर्दी पहनने, परिचालक कर्तब्य पर रहना एवं अच्छा आचरण का होना तथा यात्रीयों से सभ्य और शिष्ट व्यवहार करने निर्देशित किया।



## चौपाटी रोड पर रोजाना लगता है जाम

**चांपा।** नगर की चौपाटी सड़क पर रोजाना लगने वाले जाम से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। न ही यहां यातायात पुलिस नजर आती। इसके चलते शहर के लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क किनारे ठेले लगाने को मजबूर व्यापारी और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण सड़क पर जाम की स्थिति बन जाती है। जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गत शाम चौपाटी के पास इतना ज्यादा जाम लगा था कि लोगों को जाम में फंसना पड़ गया था। लगा भारी जाम गत शाम को चौपाटी रोड पर जाम की स्थिति गंभीर हो गई। जिससे सड़क पर लंबा जाम लग गया। राहगीरों और स्थानीय निवासियों की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क पर खड़े वाहनों को हटवाया। साथ ही ठेले लगाकर सड़क घेरने वाले दुकानदारों को समझाइश दी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक ठेले लगाने वालों के लिए कोई स्थायी व्यवस्था नहीं की जाती तब तक यह समस्या बनी रहेगी। पुलिस द्वारा समय-समय पर कार्रवाई की जाती है।

**न्यायालय तहसीलदार दर्री**
**जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.202412050400032
अ-21/2024-25
ग्राम- लाटा, प.ह.नं.-26, तहसील दर्री

एतद द्वारा आम जनता मौजा अगारखार प.ह.नं.26, रा.नि.मं. अगारखार, तहसील दर्री, जिला कोरबा को सूचित किया जाता है कि विषयान्तर्गत भूमि स्वामी आवेदक मेसर्स सृजन बिल्डर्स द्वारा भागीदार श्री हरीश परसाई/श्री अशोक अग्रवाल दोनों निवासी-कोरबा तहसील व जिला कोरबा के द्वारा स्वत्य एवं हक की परिवर्तित भूमि ग्राम-लाटा, प.ह.नं.-26, रा.नि.मं. अगारखार, तहसील कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.) स्थित परिवर्तित भूमि ख.न. 17/3, 19, 30/1, 30/2 कुल रकबा 3.31ए. की उक्त ख.नं. की स्वीकृत अभिन्यास के भू-खण्ड क्र. 64, रकबा 1470 वर्गफिट भूमि को प्रस्तावित क्रेता श्री संदीप कुमार गुप्ता पिता श्री शिवलाखन प्रसाद निवासी क्वा.नं. बी-2 फेस-03 पुष्पल्लव कॉलोनी लाटा जमनीपाली तहसील दर्री जिला कोरबा (छ.ग.) को विक्रय करने अनुमति प्रदान किये जाने बाबत् कलेक्टर महोदय कोरबा को आवेदन करने पर अ.वि.अ. (रा.) कटघोरा के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 03.03.2025 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
दर्री, जिला- कोरबा (छ.ग.)

## शराब पीने को लेकर हुआ था विवाद, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बाराद्वार।** शराब पीने की विवाद को लेकर लोहे के डाई से सिर - पर वार कर कलयुगी पुत्र ने अपने ही पिता को मौत के घाट उतार दिया। हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी निर्मल प्रसाद केंवट पिता अनंद राम केंवट (49) निवासी सरहर थाना बाराद्वार जिला सक्ती के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि 26 फरवरी रात करीब 8 बजे उसका बड़ा भाई विक्रम केंवट एवं भतीजा गीताराम केंवट अपने घर में लड़ाई झगड़ा हो रहे थे। जिसे सुनकर अपने बड़ा भाई विक्रम केंवट के घर गया। जहां दोनों बाप बेटा झगड़ा हो रहे थे। आरोपी गीता राम अपने पिता विक्रम बरेठ की आज तुझे जान से खत्म कर दूंगा कहकर चिल्ला रहा था। प्रार्थी के समझाने पर दोनों शांत हो गए। उसका बडा भाई विक्रम केंवट

बस्ती की ओर चला गया। कुछ देर बाद लगभग 15-20 मिनट बाद पता चला कि आरोपी गीताराम केंवट अपने पिता विक्रम केंवट को गुड़ी चौक सरहर के पास जान से खत्म कर देने की नियत से लोहे के छड़ मोड़ने वाला डाई से सिर में प्राणघातक वार कर गंभीर चोंट पहुंचाया। परिजनों द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सक्ती लेकर गए थे। जहां डॉक्टरों द्वारा चेक करने पर मृत होना बताया। रिपोर्ट पर धारा 103 (1) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना के तत्काल बाद ग्राम सरहर से आरोपी गीता राम केंवट पिता विक्रम प्रसाद केंवट (30) निवासी सरहर थाना बाराद्वार जिला सक्ती गिरफ्तार किया गया। इसके बाद न्यायिक रिमांड पर संबंधित न्यायालय पेश किया गया है।

## आज से खुलेगा आरटीई पोर्टल, आवेदन कर सकेंगे

**जांजगीर।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में बच्चों को निशुल्क प्रवेश देने के लिए 1 मार्च से ऑनलाइन आवेदन शुरू होंगे, लेकिन अब तक कई स्कूलों ने पंजीयन नहीं कराया गया है। लोक शिक्षण संचालनालय ने स्कूलों को 28 फरवरी तक पोर्टल में सीटों की संख्या अपडेट करने के निर्देश दिए थे। लेकिन चुनाव के कारण फरवरी में यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। अगर स्कूलों ने समय पर सीटों की जानकारी अपडेट नहीं की, तो छात्रों के पंजीयन का पोर्टल नहीं खुलेगा। आरटीई के तहत 3 से 6.5 साल तक के बच्चे किसी भी निजी स्कूल की प्रारंभिक कक्षा में प्रवेश ले सकते हैं।

# जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी के लिए भाजपा से 3 तो कांग्रेस से मात्र 1 दावेदार

**जांजगीर-चांपा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न होने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी के लिए जोड़ तोड़ का दौर शुरू हो चुका है। जिला पंचायत अध्यक्ष का पद अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। भाजपा में इस वर्ग से तीन तो कांग्रेस में एक मात्र जिला पंचायत सदस्य ही निर्वाचित हुई है। ऐसे में भाजपा में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के लिए मंथन का दौर चल रहा है, जबकि कांग्रेस में विकल्प तलाशने की कोई गुंजाईश नहीं है।

नगरीय निकाय के बाद त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी जांजगीर चाम्पा जिले में कांग्रेस क्लीन स्वीप हो गई है। जनता ने इस चुनाव में भी भाजपा पर ज्यादा भरोसा किया है। जिले में 17 जिला पंचायत सदस्यों का चुनाव हुआ। इसमें भाजपा के 8 अधिकृत प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है, जबकि 2 निर्वाचित सदस्य भाजपा परिवार से ही है। इधर कांग्रेस के 5 सदस्य ही जीते हैं। जनता ने मतदान कर अपना काम कर दिया है, अब अध्यक्ष का चुनाव नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य करेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। भाजपा से इस वर्ग के 3 तो कांग्रेस से 1 प्रत्याशी जीतकर आए हैं। संख्या बल के आधार पर भाजपा की स्थिति मजबूत नजर आ रही है, लेकिन नि अजा महिला वर्ग से पार्टी के 3 सदस्यों के निर्वाचित होने से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार को लेकर उलझन बढ़ गई है। बीजेपी से क्षेत्र क्रमांक 10 बम्हनी से सत्यलता आंनद मिरी, क्षेत्र क्रमांक 6 भैसो से संतोषी मनोज रात्रे और क्षेत्र क्रमांक 12 चारपारा से बबिता वचन रात्रे ने जीत हासिल की है। तीनो में से किसी एक को अध्यक्ष पद के लिए पार्टी दावेदार घोषित करेगी। इसके लिए विचार विमर्श और मंथन का दौर शुरू हो गया है। दूसरी ओर कांग्रेस में इस वर्ग से केवल एक जिला पंचायत सदस्य ही निर्वाचित हुई है। क्षेत्र क्रमांक 7 से प्रीति अजय दिव्य ने 35 सौ वोट से चुनाव जीता है। जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव के लिए कांग्रेस से उनकी दावेदारी स्वाभाविक रूप से तय मानी जा रही है। भाजपा से अनुसूचित जाति महिला वर्ग के 3 सदस्यों के जितने से पंचायत की सबसे बड़ी कुर्सी के दावेदार के लिए भाजपा में मंथन का दौर चल रहा है। वहीं जिले में सभी तीन विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के विधायक होने के बाद भी पंचायत चुनाव में खराब प्रदर्शन कांग्रेस के लिए चिंतन का विषय बन गया है। अब जिला पंचायत अध्यक्ष के कुर्सी के लिए जोड तोड़ का दौर शुरू हो गया है। दोनों ही दल अपने अपने पार्टी का अध्यक्ष बनाने की कवायद में जुट गए है।

**निर्दलीय और क्रास वोटिंग वालों पर टिकी नगर**

जिला पंचायत जांजगीर चांपा में अध्यक्ष उपाध्यक्ष बनाने वैसे तो भाजपा और कांग्रेस दोनों प्रमुख पार्टियां %जोर आजमाईश कर रही है। निर्वाचित सदस्यों के संख्या बल पर गौर किया जाए तो भारतीय जनता पार्टी समर्थित संख्या बहुमत है, लेकिन अधिकृत उम्मीदवारों की सूची और जीतने वालों की संख्या के हिसाब से देखा जाए तो बहुमत के जादुई आंकड़े में दोनों पार्टियों के बीच कोई खास अंतर नहीं है। ऐसी स्थिति में निर्दलीय सदस्यों पर प्रमुख पार्टियों की नजरें टिकी ही हुई है, इसके साथ साथ भीतर घातियों पर नजर रखने की चुनौती बढ़ गई है। पार्टी सूत्रों के मुताबीक ऐसे सदस्यों पर नजर रखी जा रही है। साथ ही अपने अपनों को मनाने का भी दौर चल रहा है। जिले की सबसे बड़ी पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की कुर्सी हासिल करने दोनों ही प्रमुख दल जुटे हुए है।

## पेड़ पर मिला शव, गांव में दहशत

**जांजगीर चांपा ।** जिले के पामगढ़ क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्राम कुटराबोड के हेड़सपुर खार में नाले के पास एक पेड़ से युवक की लाश लटकती हुई मिली है। शव करीब दो-तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। सुबह जब ग्रामीणों ने पेड़ से लटकती हुई लाश देखी, तो तुरंत गांव में यह खबर आग की तरह फैल गई। लेकिन मृतक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। ग्रामीणों का मानना है कि शव किसी अन्य गांव के व्यक्ति का हो सकता है।

हमने जब लाश देखी तो तुरंत पुलिस को सूचना दी, लेकिन अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है कि यह कौन है और यहां कैसे आया? हालांकि पुलिस को सूचना दे दी गई है, लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची थी। अब पुलिस की जांच के बाद ही इस मामले का खुलासा हो पाएगा कि यह आत्महत्या है या किसी साजिश के तहत हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया गया है।

पामगढ़ थाना क्षेत्र में हुई इस घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। पुलिस की जांच के बाद ही यह साफ होगा कि यह अपराध है या आत्महत्या। फिलहाल, शव की पहचान और मामले की गुत्थी सुलझने का इंतजार किया जा रहा है।

# साइबर सेल द्वारा गुम मोबाइल लौटाने के नाम पर वसूली का खेल, आम जनता को सतर्क रहने की आवश्यकता

**जांजगीर-चांपा।** जिले में साइबर सेल द्वारा गुम हुए मोबाइल फोन लौटाने के नाम पर अवैध वसूली किए जाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। हाल ही में एक मामले के प्रकाश में आने के बाद इस पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इससे आम जनता में असंतोष और चिंता व्याप्त है। ऐसी घटनाओं से साइबर सेल की साख पर सवाल उठते हैं और भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं।

सूत्रों के मुताबिक, साइबर सेल जांजगीर द्वारा प्रार्थियों से उनके गुम मोबाइल फोन वापस दिलाने के बदले पैसों की मांग करते हैं। मजबूर होकर कई लोग अपने फोन पाने के लिए यह अवैध रकम अदा कर देते हैं। यह भ्रष्टाचार लंबे समय से जारी रहने की बात कही जा रही है, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है इस तरह के मामले सामने आने के बावजूद, प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। सवाल यह उठता है कि क्या जिले के उच्च अधिकारी इस पर संज्ञान लेकर कार्यवाही करेंगे या इसे नजरअंदाज कर दिया जाएगा? अगर इस भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगाई गई तो यह सिलसिला यूं ही चलता रहेगा और आम नागरिकों को उनके ही मोबाइल वापस पाने के लिए पैसे देने पर मजबूर किया जाता रहेगा।

इस संदर्भ में, उच्च अधिकारियों से अपेक्षा है कि वे इन आरोपों की गंभीरता से जांच करें और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो ऐसे भ्रष्टाचारपूर्ण क्रियाकलापों पर अंकुश लगाना मुश्किल होगा, और आम जनता को मोबाइल लौटाने के नाम पर वसूली का सामना करना पड़ता रहेगा।

आम जनता को भी सतर्क रहने की आवश्यकता - यदि किसी अधिकारी द्वारा गुम मोबाइल लौटाने के बदले पैसे की मांग की जाती है, तो इसकी शिकायत तुरंत उच्च अधिकारियों या भ्रष्टाचार निरोधक विभाग से करें, ताकि दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई हो सके।

पैसे नही देने या शिकायत करने पर गुम मोबाइल नही मिलने का देते है हवाला-गुम मोबाइल मिलने के बाद साइबर टीम के द्वारा प्रार्थी को जानकारी दी जाती है और ऑफिस बुलाया जाता है। प्रार्थी को उनके मोबाइल का लोकेशन मिलने की जानकारी देते है और यह कहा जाता है कि दूसरे राज्य में है जाना पड़ेगा उसका आने जाने का खर्चा लगेगा। प्रार्थी से 2 से 3 हजार रुपये तक कि मांग की जाती है।नही देने या शिकायत करने पर उनके मोबाइल रिकवर नही होने का हवाला दिया जाता है।

## वन अधिकार पत्रों का डिजिटाइजेशन एवं जिओ टैगिंग 15 मार्च तक

**जांजगीर-चांपा।** आदिम जाति कल्याण विभाग जांजगीर-चांपा द्वारा जिले के अकलतरा एवं बलौदा विकासखंड में वन अधिकार अधिनियम 2006 अंतर्गत व्यक्तिगत वन अधिकार पत्रों का वितरण किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि अन्य किसानों की भांति वन अधिकार पट्टा धारक किसानों को भी शासकीय योजनाओं का लाभ विभागों के माध्यम से नियमानुसार दिया जाना है। जिसके लिए वर्तमान स्थिति में हितग्राहियों की व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों का डिजिटाइजेशन एवं जियो टैगिंग का कार्य आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है। डिजिटाइजेशन एवं जिओ टैगिंग के लिए हितग्राहियों 15 मार्च 2025 तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जांजगीर-चांपा में अपनी समस्त जानकारी जैसे वन अधिकार पत्र, वन अधिकार पत्र पुस्तिका, आधार कार्ड, राशन कार्ड, पति-पत्नी का बैंक पासबुक. आश्रितों की जानकारी एवं आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो, मनरेगा कार्ड, एवं अन्य शासकीय योजनाओं संबंधी दस्तावेज के मूल प्रति के साथ उपस्थित होकर अपना व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र का डिजिटाइजेशन एवं जिओ टैगिंग करा सकते हैं।

## अनमोल वचन......

पहले स्वयं संपूर्ण मुक्तावस्था प्राप्त कर लो उसके बाद इच्छा करने पर फिर अपने को सीमाबद्ध कर सकते हो।

# जल की गुणवत्ता संबंधी विवाद गंभीर

धार्मिक आस्था अक्सर तथ्यों और तर्कों से ऊपर होती है। बेशक, इसमें किसी को दखल नहीं देना चाहिए। मगर संभावित जोखिम के प्रति आगाह करना सरकारों, खास कर स्वायत्त प्रशासनिक एजेंसियों का कर्त्तव्य एवं उत्तरदायित्व दोनों ही है। प्रयागराज में गंगा जल की गुणवत्ता संबंधी विवाद गंभीर है। इसमें मुख्य मुद्दा पर्यावरण की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने वाली भारत की सर्व-प्रमुख एजेंसी की केंद्रीय और उत्तर प्रदेश इकाई के बीच मतभेद का है।

प्रश्न है कि ये एजेंसियां सभी स्तरों पर स्वायत्त ढंग से काम करती हैं, या ये सत्ताधारी दलों के सियासी एजेंडे से प्रभावित भी हो जाती हैं।

स्वागतयोग्य है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने इसे गंभीरता से लिया है और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) से जवाब तलब किया है। पूछा है कि क्या यूपीपीसीबी की गंगा जल की स्वच्छता संबंधी रिपोर्ट केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के निष्कर्षों के विपरीत थी। सीपीसीबी लगातार पांच दिन के नमूनों की जांच के बाद इस नतीजे पर पहुंचा कि संगम का पानी पीने और नहाने योग्य नहीं है। फिर भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया है कि ये पानी नहाने और आचमन दोनों के योग्य है। इसके पक्ष में उन्होंने यूपीपीसीबी की रिपोर्ट का हवाला दिया। अब एनजीटी ने सीपीसीबी की रिपोर्ट की रोशनी में यूपीपीसीबी से जल की गुणवत्ता के बारे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। सीपीसीबी के मुताबिक कई स्थानों पर गंगा में फेकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया मान्य स्टैंडर्ड से 1400 गुना और यमुना में 660 गुना ज्यादा मिला। 19 जनवरी को तो हर 100 मिलीलीटर में ये मात्रा सात लाख अधिकतम संभव संख्या (एमपीएन) तक पहुंच गई, जबकि इसे 500 के अंदर होना चाहिए। इस रूप में संगम का पानी नहाने योग्य जल के लिए तय प्रतिमान पर खरा नहीं उतरता। तो जाहिर है, लोगों ने वहां अपनी सेहत के लिए भारी जोखिम लेकर स्नान किया। धार्मिक आस्था अक्सर तथ्यों और तर्कों से ऊपर होती है। बेशक, इसमें किसी को दखल नहीं देना चाहिए। मगर संभावित जोखिम के प्रति आगाह करना सरकारों, खास कर स्वायत्त प्रशासनिक एजेंसियों का कर्त्तव्य एवं उत्तरदायित्व दोनों ही है। कोई सरकार अपने सियासी तकाजों के तहत इससे मुंह मोड़ भी रही हो, तो एजेंसियों को ऐसा कतई नहीं नहीं करना चाहिए। आशा है, इस मामले में एनजीटी बिना किसी दबाव से प्रभावित हुए बेहतरीन मिसाल कायम करेगा।

## राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी। आज आपकी किसी रिश्तेदार से फोन पर बात हो सकती है, आपको कुछ नया सुनने को मिलेगा।

वृष राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को पढ़ाई करने की जरूरत है।

मिथुन राशिः आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सूझ-बूझ से किसी काम में सफलता हासिल होगी। गौ सेवा करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक समस्या से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। आज आप जीवनसाथी के लिए नई ज्वेलरी खरीद सकते हैं, जीवन में आनंद बढ़ेगा।

कर्क राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद की गुहार करेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनायेंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं, जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा।

सिंह राशिः आज आपका दिन शांत रहेगा। आज आपकी मुलाक़ात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप जीवन की नई सीख लेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया सीखेंगे और पढाई की तरफ झुकाव बढ़ेगा। रोज की अपेक्षा आज व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा।

कन्या राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। स्वास्थ्य समस्या से परेशान लोग आज खुद को बेहतर महसूस करेंगे। जॉब की तलाश कर लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। दाम्पत्य रिश्ता मजबूत बनेगा, परिवार के साथ [ ।लिटी टाइम स्पेंड करेंगे।

तुला राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप नया हुनर सीखेंगे, जो आगे चलकर आपके लिए कारगर साबित होगा। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरुरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरुरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में प्रॉफिट होगा। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आज काम करने से पहले अपने बड़ों का आशीर्वाद लेंगे। रिश्तों में चल रही अनबन से आज आपको छुटकारा मिलेगा।

धनु राशिः आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस में आज आपको सहयोगियों से मदद मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। सोशल वर्क कर रहे लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहने वाला है। आज लवमेट कहीं घूमने जा सकते हैं आपके रिश्ते की डोर और मजबूत बनेगी।

मकर राशिः आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा। पारिवारिक जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियां बढ़ेगी। नर्सिंग कर रहे छात्रों को उनके करियर में सफलता मिलेगी। आज आपके नए दोस्त बनेंगे। आज कार्यक्षेत्र में मेहनत कर रहे लोग सफल होंगे।

कुंभ राशिः आज आपका दिन आपके लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा।

मीन राशिः आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। अर्थराईटिस की परेशानी से जुड़े लोगों को आज राहत मिलेगी। आज परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। आज आपके मन में स्टोरी लिखने का विचार आ सकता है।

# गृहमंत्री शाह और कैलाश विजयवर्गीय की स्टेट हैंगर पर हुई परस्पर भेंट आई चर्चा में

// नितिनमोहन शर्मा//

**शाह और विजयवर्गीय के बीच की आत्मीयता किसी से छुपी नही हुई हैं। ये आत्मीयता आज कल की भी नही। ये शाह के गुजरे गुजरात दौर के वक्त से जुड़ी हुई हैं। उस कठिन दौर का रिश्ता अब अनुकूल हालातों में भी उसी गर्मजोशी से निभाया जा रहा हैं, जैसा बुरे दौर में था। ये विजयवर्गीय के 10 बरस दिल्ली में गुजरने से स्पष्ट भी होता हैं। जितने वक्त प्रदेश की सत्ता ने विजयवर्गीय को दूर रखा, उतने ही वक्त इसी रिश्ते ने दिल्ली में विजयवर्गीय को बनाये रखा।**

कद बनाये व बढ़ाए रखा। उसी आत्मीयता की एक झलक स्टेट हैंगर पर झलक आई और खबरों का बाज़ार गर्म हो गया। अमित शाह ने विजयवर्गीय को स्टेट हैंगर पर बुलाया और अकेले में बात की...इस एक लाइन ने प्रदेश में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बराबर की चर्चा पा ली है। सब तरफ उस 20 मिनट के चर्चे है, जो दोनों नेताओं ने बन्द कमरे में गुजारे। मुलाकात हुई, कुछ बात हुई, ये बात किसी से न कहना कि तर्ज पर दर्ज हो गई। लेकिन् इस ख़ामोश मुलाकात ने प्रदेश भाजपा की राजनीतिक गलियारों में शोर बहुत मचा रखा हैं। दो दिन होने आए मुलाकात के लेकिन् शोर खत्म होने की बजाय बढ़ता ही जा रहा हैं।

...तिजारती मेल-मुलाकात वाले समागम और माहौल में हुई एक राजनीतिक मुलाकात पूरे निवेश कुंभ पर भारी पड़ गई। राज्य में कितना निवेश आया, कितने प्रस्ताव बने, किस सेक्टर में निवेशकों ने रुचि दिखाई, इससे ज़्यादा चर्चा इस राजनीतिक मुलाकात की हो रही हैं। जबकि समिट का अगला दिन, निवेश की चर्चाओं का रहता है लेकिन मध्यप्रदेश में इसके उलट राजनीतिक चर्चाओं का बाज़ार गर्म हो गया। निवेश कुंभ के समापन और इस मुलाकात को हुए दो दिन हो गए, पर इस पर चर्चा, कयास, समीकरण 25 से 27 फ़रवरी तक यथावत हैं। कुछ ठोस फिर् भी सामने नही आ रहा हैं। लेकिन मायने तलाशती इस मुलाकात ने प्रदेश भाजपा के अंदर चल रही उठापटक का खुलासा तो कर ही दिया हैं। ये भी साफ़ कर दिया कि , सरकार के रिश्ते अपने अधीनस्थों से वैसे नही, जैसे गर्मजोशी से पूर्व हुआ करते थे। मायने तलाशती ये मुलाकात देश के गृहमंत्री अमित शाह और प्रदेश भाजपा के कद्दावर नेता, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बीच हुई थी। ये मुलाकात सामान्य न थी। लिहाजा चर्चा में हैं। मुलाकात के तौर तरीकों ने इसे चर्चा में ला दिया। ये मुलाकात ऐसे समय हुई जब शाह, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन सत्र को खत्म कर भोपाल से बिदा ले रहे थे। विमानतल पर पहुँचे वे तो उन्हें बिदा करने आये नेताओ में विजयवर्गीय नजर् नही आये। जबकि वे समिट मंच पर थे। स्टेट हैंगर पर निवेश से जुड़े महकमे के वरिष्ठ मंत्री को न पा कर गृहमंत्री ने विजयवर्गीय का पूछा। उन्हें ये तो बताया गया कि वे इंदौर के लिए निकल गए लेकिन शाह को ये नही बताया कि उनका नाम बिदा करने वाले नेताओं की लिस्ट में नही था। जबकि शाह के आगमन पर स्वागत वाली लिस्ट में विजयवर्गीय का नाम मौजूद था। लिहाज़ा वे भी आगमन के वक्त मौजूद थे।

गृहमंत्री शाह ने फोन कर विजयवर्गीय को बुलावा भेजा। तब तक विजयवर्गीय बैरागढ़ को पार कर सीहोर के रास्ते आ पहुँचे थे। तुरंत वे लौटे ओर सीधे स्टेट हैंगर पहुँचे जहां शाह उनका इंतजार कर रहें थे। यहां दोनों नेताओं के बीच करीब 20 मिनिट बातचीत हुई और वह भी एकांत में। बस इसी एकांत की खामोश मुलाकात ने, मुलाकात खत्म होते ही ऐसा शोर मचाया...जो आज तक खत्म नही हुआ। जबकि नेताओ की तरफ़ से इसे हमेशा की तरह सामान्य मेल मुलाकात करार दिया लेकिन् प्रदेश की राजनीति के जानकारों के दिल मे इत्ते से जवाब से करार नही आ रहा। वे इस मुलाकात के एक नही अनेक मायने निकाल रहे हैं।

इस मुलाकात को कुछ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व नगरीय प्रशासन मन्त्री कैलाश विजयवर्गीय के बीच चल रहे शीत युद्ध से जोड़ रहें हैं कि दोनों के बीच अब रिश्ते उस्ताद-चेले जैसे नही रहें। लेकिन् इस कयास को चित्रकूट समिट के कारण बल नही मिल रहा। क्योंकि इस तरह की सुलह जाजम साल की शुरुआत में रामजी की नगरी में बिछ चुकी थीं। उसके बाद एक तरह से सब सामान्य है भी। कुछ न इस मुलाकात को प्रदेश भाजपा में अध्यक्ष पद पर बदलाव से जोड़ा। क्योंकि प्रदेश भाजपा का नया अध्यक्ष सन्निकट हैं, लिहाज़ा इस बात को बल मिला भी। लेकिन् इसे भी ये कहते ख़ारिज कर दिया कि इसके लिए स्टेट हैंगर जैसा स्थान और घर लौटते नेता को वापस बुलाया नही जाता। ऐसे मसले फ़ोन पर भी निपट जाते हैं। मुलाकात के मायने विजयवर्गीय के पुनः संगठन में लौट जाने से भी जोड़े जा रहें हैं। लेकिन् कैलाश की बॉडी लेंग्वेज इशारा नही कर रही है कि वे सत्ता से किनारा करने जा रहें हैं। न प्रदेश के अभी राजनीतिक हालात कोई चुनावी है जो वे संगठन को पकड़ ले, सत्ता त्याग दे। सरकार से उनके रिश्ते कम ज्यादा हो सकते है लेकिन् सरकार में उनका रुतबा तो कायम ही है और रहना भी हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष की चल रही रेस तक से जाकर इस मुलाकात को जोड़ा गया। लेकिन् इस बात को बल इसलिए नही मिल रहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का राष्ट्रीय अध्यक्ष चयन में कुछ हटकर व बड़ा करने का मन बना हुआ हैं और वह उत्तर नही, दक्षिण की तरफ़ देख रही हैं। ऐसे में फिर से हिंदी पट्टी को अध्यक्षी का पट्टा मिले, संभावनाएं कम नजर् आ रही हैं। हा, नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की नई टीम का हिस्सा होना इसमे शामिल नही हैं।

# क्या भाजपा एक नए क्षेत्रीय हिंदुत्व आइकॉन की तलाश में है

//रंजन श्रीवास्तव//

**क्या भाजपा वर्ष 2029 में होने वाले लोक सभा चुनावों से पहले किसी बड़े क्षेत्रीय हिंदुत्व आइकॉन की तलाश में है जो खासकर उत्तर प्रदेश में भाजपा के खोये हुए जनाधार को फिर से वापस ले आए और मध्य प्रदेश में पार्टी के जनाधार को मजबूती से बनाये रख सके। देखना यह है कि 2029 के चुनावों में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के पीएम फेस बने रहते हैं या नहीं पर दोनों ही परिस्थितियों में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के मन में 2024 के परिणाम पीछा करते रहेंगे जबकि भाजपा उत्तर प्रदेश में 63 सीट से नीचे आकर 33 सीट पर सिमट गयी और 400 पार के नारे के बावजूद 240 सीट पर सिमट गयी।**

पार्टी का उत्तर प्रदेश में अंकगणित खराब हुआ इस बात के बावजूद कि भाजपा यहाँ डबल इंजन के सरकार की बात लगातार करती रही और योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व ब्रांड के एक प्रमुख चेहरा बने रहे। यह सोचना कि भाजपा 2029 के चुनावों में हिंदुत्व के नैरेटिव पर चुनाव नहीं लड़ेगी महज एक अकादमिक चर्चा के लिए तो ठीक है पर वास्तविकता में ऐसा होगा नहीं। इसके बावजूद भी पार्टी नहीं चाहेगी कि उत्तर प्रदेश में वही परिणाम दुहराए जाएँ जो परिणाम 2024 में आए थे। 2029 के पहले उत्तर प्रदेश में 2027 में और मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में 2028 में विधान सभा चुनाव होंगे। मगर विधान सभा के परिणाम का इंतज़ार करने के बजाय भाजपा अभी से अपना चुनावी गणित विशेषकर उत्तर प्रदेश में ठीक करने में लगी है। प्रयागराज में महाकुम्भ 144 साल बाद आयोजित हो रहा है यह बात केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार दोनों के द्वारा प्रचारित किया गया। परिणामस्वरूप पूरे देश से हिन्दुओं की आस्था का सैलाब प्रयागराज की तरफ उमड़ पड़ा। महाकुम्भ में भगदड़ और मौतें और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए भगदड़ और मौतों ने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार दोनों की व्यवस्थाओं पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह लगा दिया पर फिर भी जनता इसको लेकर सरकारों के खिलाफ आंदोलित हो गयी हो ऐसा दिखा नहीं। पर आस्था का सैलाब 2029 में वोटों के अंकगणित में बदल जाए और 400 पार का नारा चरितार्थ हो जाए इस बात पर विश्वास करके पार्टी अपनी चुनावी रणनीति नहीं बना सकती। पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व किसी किन्तु परन्तु की बजाय ऐसे ठोस रणनीति पर काम करना चाहेगा या काम कर रहा है जिससे उसे 2029 में पूर्ण बहुमत मिले और चौथी बार लगातार सरकार बनाने के लिए जदयू या टीडीपी जैसे किसी बैसाखी की जरूरत ना पड़े। इसलिए भाजपा अपने हिंदुत्व की धार को और तेज करना चाहेगी और उसके लिए एक ऐसे चेहरे की जरूरत पड़ सकती है जो पहले से आजमाया हुआ ना हो और हिन्दुओं के बड़े वर्ग में उसकी स्वीकारोक्ति हो। तो क्या अब बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री भाजपा के नए हिंदुत्व आइकॉन या अस्त्र हो सकते हैं। जिस तरह से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बागेश्वर धाम में जाने का प्रोग्राम बनाया और धीरेन्द्र शास्त्री को अपना छोटा भाई बताते हुए उनपर अपना स्नेह उड़ेला उससे तो यही लगता है कि भाजपा नेतृत्व उनकी बढ़ती हुयी लोकप्रियता को देखते हुए उनसे चमत्कृत है। प्रधान मंत्री ने बागेश्वर धाम में बालाजी सरकार कैंसर इंस्टीट्यूट का शिलान्यास ही नहीं किया बल्कि वहां एक जनसभा को भी सम्बोधित किया। अप्रत्यक्ष रूप से प्रधान मंत्री ने धीरेन्द्र शास्त्री के पर्ची निकालने विधा की प्रशंसा तक की । उन्होंने धीरेन्द्र शास्त्री की माताजी से यह कहा कि उनके मन में चल रही बात की पर्ची उनके पास है और वह यह कि वे अपने बेटे की शादी देखना चाहती हैं। इन पक्तियों को लिखे जाने तक भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी बागेश्वर धाम पहुँच चुकी हैं।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल भी वहां जा चुके हैं और धीरेन्द्र शास्त्री की प्रशंसा कर चुके हैं। धीरेन्द्र शास्त्री अपने मंचों से हिन्दू राष्ट्र की वकालत करते रहे हैं। भाजपा इसपर अपनी मुहर तो नहीं लगाती पर उसकी चुनावी राजनीति में ऐसे नारे या भाषण उसको सम्बल ही प्रदान करते हैं। तर्कवादियों की नजर् में धीरेन्द्र शास्त्री की विधा सिर्फ एक ढोंग है। 2023 में उनके महाराष्ट्र दौरे के दौरान तर्कवादियों ने उन्हें उनकी सिद्धि को साबित करने की चुनौती दी थी। पर धीरेन्द्र शास्त्री वहां से वापस चले आए और दावा किया कि वो मैदान छोड़कर नहीं भागे बल्कि उनकी वहां से वापस आने का प्लान पूर्व निर्धारित था। पिछले वर्ष गुरुशरण महाराज (पंडोखर सरकार ) के विरुद्ध उनके द्वारा कथित रूप से धीरेन्द्र शास्त्री के विरुद्ध आपत्तिजनक बयान देने पर कोर्ट में एक आवेदन दाखिल किया गया था। जाहिर है धीरेन्द्र शास्त्री के बारे में जनता में दो मत है पर फिर भी बहुत से लोग उन्हें सिद्ध पुरुष मानकर उनके दरबार में जाते हैं और अपनी समस्याओं के निराकरण की अपेक्षा रखते हैं। धीरेन्द्र शास्त्री बुंदेलखंड से आते हैं जो उत्तर प्रदेश तक फैला हुआ है। देखना यह है कि आने वाले समय में शास्त्री भाजपा के किसी प्लान का हिस्सा बनते हैं या अपनी भूमिका को गैर राजनीतिक बनाये रखते हैं।

# अब सीबीआई पिंजरे का तोता नहीं

//विजय तिवारी//

उप राष्ट्रपति धनखड़ जी ने भोपाल में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में सम्बोधन करते हुए आश्चर्य व्यक्त किया कि कार्यपालिका की नियुक्ति के संबंध में न्यायपालिका को कैसे हम शामिल कर सकते हैं।

उनके तर्क के अनुसार लोकतंत्र में राष्ट्र के तीनों निकायों में शक्ति के विभाजन के अनुसार सीबीआई के डायरेक्टर के चयन में प्रधान न्यायधीश का क्या काम।

उनके अनुसार कार्यपालिका (सरकार) के कार्य सम्पादन में किसी भी प्रकार का हस्तकछेप चाहे वह विधायिका से हो अथवा न्यायपालिका से हो संविधान तथा लोकतंत्र के उसूलों के विरुद्ध है। धनखड़ जी खुद अदालतों मे वकालत कर चुके हैं।

हालांकि वे सफल वकील नहीं रहे। उन्होंने कहा कि संविधान में संशोधन केवल संसद का अधिकार है। एक अनजाने महा न्यायवादी की किताब का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा मेरी समझ से तो संविधान के मूलभूत सिद्धांतों पर बहस की जरूरत हैं। जगदीप धनखड़ जी संवैधानिक पद के नंबर दोयम पर आसीन हैं। परंतु वे उच्च सदन के सभापति भी हैं। अब वे सांविधानिक रूप से नंबर दो पर होने के बाद राष्टीय विधायिका के सभापति भी हैं।

मेरी तुच्छ बुद्धि के अनुसार यदि सांविधानिक पद पर हैं तब, उन्हें विधायिका और उससे जन्मे व्यवस्थापक से बिल्कुल समान दूरी बना कर रखनी चाहिए।

राज्यसभा में बैठक का संचालन करते हुए उनके व्यवहार और फैसलों को समझा जा सकता है कि वे कितने न्यायप्रिय हैं। विपक्ष के सांसदों ने अनेकानेक बार उन पर न्याय नहीं नहीं करने का आरोप लगाया हैं।सीबीआई को सुप्रीम कोर्ट से बार-बार यह सुनना पड़ा था कि वह सरकारी तोता है। जिसका इशारा था कि सीबीआई की जांच सरकार के समर्थन में ही होती हैं।वह न्याय पूर्ण नहीं होती हैं। क्यूंकि अधिकतर सरकार अपने किसी स्वामिभक्त अफसर को इस पद पर नियुक्त करती थी।

सुप्रीम कोर्ट की फटकार से केंद्र सरकार ने सीबीआई मुखिया की नियुक्ति में सर्वोच्च अदालत के प्रधान को भी शामिल किया। जिसका अर्थ यह था कि कम से कम अब सीबीआई को पिंजरे का तोता सुप्रीम कोर्ट नहीं कह सकेगी।

लेकिन मोदी सरकार के समय जिस प्रकार जांच एजेंसियों ने सत्ता विरोधियों को निशाना बनाने का काम किया है, उसके बाद ही सत्तारूद दल को वाशिंग मशीन की उपाधि मिल गई है।

अब सरकार सीबीआई से ज्यादा इ डी की जांच को प्रमुखता से अवसर दे रही हैं। मोदी सरकार के काल मे यह मुहावरा बन गया हैं की अगर आप गैर भाजपाई है तो आपको धरमराज बन के रहना होगा।

वरना आप एंडी टीवी कर प्रणव रॉय और राधिका रॉय की भांति बेगुनाह होते हुए भी सरकारी जांच एजेंसी इतना परेशान करेगी कि आपको देश छोडऩा पड़ेगा।

यह बात और है कि आठ माह बाद वही जांच एजेंसी अदालत में बयान देती है कि रॉय दंपति के विरुद्ध कोई अपराध किया जाना नहीं पाया गया।

कुछ ऐसा ही झूठ टूजी घोटाले के बारे में विनोद राय ने भी देश से बोल था। जिसको आरएसएस और बीजेपी ने प्रचारित करके तत्कालीन मनमोहन सिंह की सरकार को बदनाम किया। फलस्वरूप चुनावों में काँग्रेस की पराजय हुई।उप महामहिम जी को यह समझना होगा कि सरकार बनाने से ज्यादा महत्वपूर्ण लोकतंत्र को कायम रखना हैं और उसके लिए सत्तारूढ़ पार्टी के अनीतिक और अवैध फैसलों को रोकने टोकने वाला अफसर चाहिए।न कि कारसेवको पर गोली चलवाने वाला मुख्य सचिव जो बाद में अयोध्या के राम मंदिर निर्माण का जिम्मा निभा रहा हैं। इन्हीं कारणों से जांच एजेंसियों के मुखिया की रीढ़ इतनी मजबूत होनी चाहिए कि वह प्रधानमंत्री को भी गलत काम के लिए न कह सके।

## तस्वीरों की दुनिया


झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन रांची में परियोजना भवन में एक कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को लैपटॉप और टैबलेट वितरित करते हुए।




महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई में मुंबई टेक वीक 2025 के दौरान भविष्य का शासन, एआई और सार्वजनिक नीति विषय पर बातचीत की।


मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चित्रकूट में भारत रत्न नानाजी देशमुख की 15वीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए।


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैदराबाद में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह में शामिल हुए।


यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन नई दिल्ली में भारत के यूपीआई भुगतान तंत्र के उपयोग के साक्ष्य सत्र के दौरान शामिल होती हुईं।


नई दिल्ली में साफ़ आसमान के नीचे दिल्ली विधानसभा भवन का एक दृश्य।


शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में समग्र कृषि क्षेत्र की प्रगति के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

# गुलामी के लंबे कालखंड के बावजूद खुसरो ने अतीत से जोड़े रखाः पीएम

**नईदिल्ली, 01 मार्च [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि गुलामी के लंबे काल खंड के बाद भी आज हम अतीत से परिचित हैं, तो इसमें हजरत खुसरो की रचनाओं की बड़ी भूमिका है। इस विरासत को समृद्ध करते रहना है। अमीर खुसरो ने हिंदुस्तान की तुलना जन्नत से की थी। हमारा हिंदुस्तान जन्नत का वो बगीचा है जहां तहजीब का हर रंग फला-फूला है। यहां की मिट्टी के मिजाज में ही कुछ खास है। शायद इसलिए जब सूफी परंपरा हिंदुस्तान आई, तो उसे भी लगा जैसे वो अपनी ही जमीन से जुड़ गई हो। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को सुंदर नर्सरी में आयोजित जहान-ए-खुसरो कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने रूमी फाउंडेशन, मुजफ्फर अली और मीरा अली को शुभकामना दी, साथ ही देशवासियों को रमजान की मुबारकबाद भी दी। मोदी ने कहा कि सूफी संगीत ऐसी साझी विरासत है जिसको हम सब मिल-जुलकर जीते आए हैं। बाबा फरीद की रुहानी बातों ने दिलों को सुकून दिया, हजरत निजामुद्दीन की महफिलों ने मोहब्बत के दीये जलाए, हजरत अमीर खुसरो की बोलियों ने नए मोती पिरोए और जो नतीजा निकला, वो हजरत अमीर खुसरो की इन मशहूर पंक्तियों में व्यक्त हुआ- बन के पंछी भए बावरे, ऐसी बीन बजाई सांवरे। तार तार की तान निराली, झूम रही सब बन की डारी।आगे कहा कि भारत में सूफी परंपरा ने अपनी एक अलग पहचान बनाई। सूफी-संतों ने खुद को महज मस्जिदों या खानकाहों तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने पवित्र कुरान के हर्फ पढ़े, तो वेदों के स्वर भी सुने। अजान की सदा में भक्ति के गीतों की मिठास भी जोड़ी। मुझे खुशी है कि आज जहान-ए-खुसरो सूफी परंपरा की आधुनिक पहचान बन गया है।प्रधानमंत्री ने कहा, किसी भी देश की सभ्यता, उसकी तहजीब को स्वर, गीत- संगीत से मिलते हैं। उसकी अभिव्यक्ति कला से होती है।




हजरत खुसरो कहते थे, भारत के संगीत में एक सम्मोहन है। जब सूफी संगीत और शास्त्रीय संगीत की प्राचीन धाराएं एक-दूसरे से जुड़ीं, तो हमें प्रेम और भक्ति की नई कल-कल सुनने को मिली। यही हमें हजरत खुसरो की कव्वाली में मिली, बाबा फरीद के दोहे में मिली। बुल्ले शाह के स्वर मिले, यहां हमे कबीर भी मिले, रहीम भी मिले और रसखान भी मिले। आगे कहा कि इन संतों और औलियो ने भक्ति को नया आयाम दिया। आप चाहें सूरदास को पढ़ें या रहीम और रसखान को, या आप आंख बंद करके हजरत खुसरो को सुनें। जब आप गहराई में उतरते हैं, तो उसी एक जगह पहुंचते हैं, वो जगह है आध्यात्मिक प्रेम की वो ऊंचाई जहां इंसानी बंदिशें टूट जाती हैं। इंसान और ईश्वर का मिलन महसूस होता है। सूफी परंपरा ने ना केवल इंसान की रुहानी दूरियों को खत्म किया, बल्कि दुनिया की दूरियों को भी कम किया है। मुझे संतोष है कि जहां-ए-खुसरो जैसे प्रयास इस दायित्व को बखूबी निभा रहे हैं।

# 58 सदस्यों से शुरू हुआ यमुना रिवर बोर्ड दो सदस्यों पर सिमटा, अब जल्द भरे जाएंगे पद



**नईदिल्ली, 01 मार्च [एजेंसी]।**

58 सदस्यों के साथ शुरू हुआ अपर यमुना बोर्ड अब केवल दो सदस्यों पर आ गया है। वक्त के साथ नियुक्तियां हुई नहीं तो धीरे-धीरे पद खत्म हो गए। अब संसदीय समिति ने इन पदों को फिर से जीवित करने और उन्हें तत्काल भरने के लिए कहा है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय (जिसके अधीन यह बोर्ड आता है) ने भरोसा दिलाया है कि कैडर पुनरीक्षण के साथ इस पर ध्यान दिया जाएगा। मंत्रालय ने बोर्ड के कुछ सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होने की सूचना भी दी है। अपर यमुना रिवर बोर्ड का मुख्य कार्य यमुना का पानी लाभार्थी राज्यों-हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान के बीच बंटवारे के नियमन की मुख्य जिम्मेदारी है। इसके साथ ही यह बोर्ड न्यूनतम प्रवाह बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है। नालों और सीवर सिस्टम की सफाई संबंधित राज्यों का विषय है, लेकिन यह बोर्ड पानी के बंटवारे और आवंटन में उभरने वाले विवादों के समाधान की अहम जिम्मेदारी संभालता है। जल संसाधन से संबंधित संसदीय समिति की हालिया रिपोर्ट के अनुसार अपर यमुना रिवर बोर्ड में तकनीकी और गैरतकनीकी, दोनों तरह से मानव संसाधन की कमी का मुद्दा उठा।समिति के सवाल के जवाब में जलशक्ति मंत्रालय ने पद खत्म हो जाने का ब्यौरा दिया। बताया कि बोर्ड सचिवालय के सभी पदों को केंद्र और यमुना तट वाले राज्यों से प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाएगा।

इसी के तहत 1999 में 58 स्थायी पदों को मंजूरी दी गई। लेकिन 2015 में 36 पद इस आधार पर खत्म कर दिए गए कि पांच साल से ज्यादा समय तक उन पर कोई नियुक्ति नहीं हुई।पांच साल फिर बीते और मंत्रालय ने 22 पदों को रिक्त माना और यही बोर्ड की क्षमता निर्धारित की गई। हालांकि तमाम प्रयासों के बावजूद राज्यों से इनके लिए भी प्रस्ताव नहीं मिले। आखिरकार इनमें भी 17 पद समाप्त कर दिए गए। आज स्थिति यह है कि सदस्य सचिव और पर्यावरण विशेषज्ञ के रूप में केवल दो नियुक्तियां हुई हैं। मंत्रालय ने स्वीकार किया है कि चूंकि प्रतिनियुक्ति पर अफसर और कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं, इसलिए वह अब इन्हें अपने कैडर में शामिल करने पर विचार कर रहा है। इस आशय का प्रस्ताव कार्मिक मंत्रालय को भेजा गया है।

# राजस्थान में बदमाश पांच रुपये के सिक्के से रोक देते थे ट्रेन, फिर करते थे लूटपाट, पुलिस ने किए गिरफ्तार

**जयपुर, 01 मार्च [एजेंसी]।**

राजस्थान की सीकर पुलिस ने ट्रेन में लूटपाट करने वाले सिक्का गैंग के पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए बदमाशों में से चार हरियाणा और एक पंजाब का निवासी है। ये पांचों बदमाश रात के समय रेलवे ट्रैक पर पांच रुपये का सिक्का रख ट्रेन को रोकते थे, फिर लूटपाट करते थे। आरोपित रात के समय सुनसान इलाकों में वारदात को अंजाम देते थे।आरोपित रेलवे ट्रैक पर पांच रुपये का सिक्का रखते थे, जिससे सिग्नल रेड हो जाता था और ट्रेन रूक जाती थी। इस तकनीक को आरोपितों ने एक रेलवे कर्मचारी के बेटे से सीखा था। कर्मचारी का बेटा पिता के साथ रेल की पटरियों का फाल्ट ठीक करने के लिए जाता था।वहीं से उसने ट्रेन को रोकने की तकनीक सीखी और फिर खुद वारदात को अंजाम देने लगा। बदमाशों ने महाराष्ट्र, हरियाणा एवं पंजाब में सात ट्रेन रोककर इस तरह की वारदात को अंजाम दिया है।चार दिन पहले आरोपितों ने सीकर की अनाज मंडी की दुकानों में चोरी की थी। इस चोरी में पांचों बदमाशों के नाम सामने आए थे। पुलिस ने जांच के बाद आरोपितों के बारे में जानकारी जुटाई। इसके बाद जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने पुलिसकर्मियों की एक टीम गठित की।टीम ने सीकर जिले के सात सौ सीसीटीवी खंगालने के साथ ही कुछ लोगों से पूछताछ की तो हरियाणा के हिसार जिले के निवासी यामीन, प्रवीण, अनिल एवं राहुल और पंजाब के संगरूर निवासी श्रवण का नाम सामने आया।



पुलिस ने आरोपितों पर दस-दस हजार रुपये का इनाम रखा था। पुलिस ने पीछाकर आरोपितों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया।सीकर में प्रशिक्षु आइपीएस अधिकारी प्रतीक सिंह ने बताया कि सिक्का गैंग सिग्नल के निकट ही ट्रैक पर सिक्का रखकर रात के समय सिग्नल को रेड कर वारदात को अंजाम देता था। गैंग ने अब तक सभी वारदात सुनसान इलाके में की है। ट्रैक पर फाल्ट ठीक करते समय इसी तरह से सिग्नल रेड किया जाता है। इन्होंने भी देखकर ये तरीका सीखा था। बदमाशों को जब ट्रेन के आने का पता चल जाता था उसके बाद ये इस तरकीब से ट्रेक सर्किट को फाल्ट कर सिग्नल को रेड कर देते थे।

## पोप फ्रांसिस की हालत बेहद गंभीर, वेंटिलेटर सपोर्ट सिस्टम पर रखे गए

**वेटिकन सिटी।** दोनों फेफड़ों में निमोनिया से जूझ रहे 88 वर्षीय पोप फ्रांसिस की हालत बेहद गंभीर है। वेटिकन ने कहा कि शुक्रवार को पोप को सांस लेने में अत्यधिक समस्या हुई। पोप को 14 फरवरी को रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में उनके दोनों फेफड़ों में निमोनिया का पता चला था।वेटिकन ने पोप के स्वास्थ्य के बारे में अपडेट देते हुए कहा, पोप को सांस लेने में अधिक परेशानी महसूस हुई। उनकी सेहत काफी बिगड़ गई। उन्हें नॉन-इनवेसिव वेंटिलेटर सपोर्ट दिया गया, हालांकि पोप होश में हैं। नॉन-इनवेसिव वेंटिलेशन सपोर्ट उन लोगों को दिया जाता है जिन्हें केवल कुछ समय के लिए वेंटिलेटर की आवश्यकता होती है।

## मल्लिकार्जुन खरगे ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना पर साधा निशाना, तो सरकार ने कही ये बात



**नई दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने शुक्रवार को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के संबंध में कहा कि कोई सरकारी पैसा गायब नहीं हुआ है। मंत्रालय का बयान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के उस दावे के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि मोदी सरकार की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना से कुल 455 करोड़ रुपये गायब हो गए हैं। आरटीआई से मिली इस जानकारी ने केंद्र सरकार के झूठ को उजागर कर दिया है। मंत्रालय ने बताया कि इस साल 31 जनवरी तक इस योजना के तहत कुल 952.04 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आवंटित 526.55 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों पर खर्च किए गए 425.49 करोड़ रुपये शामिल हैं। खरगे के दावे का खंडन करते हुए मंत्रालय ने एक पोस्ट में कहा कि झूठा नैरेटिव बनाने के लिए तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है। कोई सार्वजनिक धन गायब नहीं हुआ है। सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के माध्यम से प्रत्येक बालिका को बचाने और शिक्षित करने के अपने मिशन पर अडिग है।इससे पहले खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया-बहुत हुआ नारी पर वार वाले भाजपाई विज्ञापन की गूंज पिछले 10 वर्षों से उन सभी महिलाओं की चीखों का उपहास उड़ा रही हैं, जो भाजपा राज में और कभी-कभी भाजपा के गुंडों द्वारा प्रताड़ित हुई हैं।

# यूपी के कई जिलों में बदला मौसमः सहारनपुर में ओले गिरे, चलीं तेज हवाएं

**सहारनपुर, 01 मार्च [एजेंसी]।**

जिले में मौसम के रंग बदलते ही सर्दी एक बार फिर से अहसास कराने लगी है। तेज सर्द हवाओं के चलने से सर्दी बढ़ी है, दो दिनों से घने बादलों से थम थम कर हो रही वर्षा के दौर के बीच शुक्रवार की देर शाम मूसलाधार वर्षा के साथ ही ओले पड़ने से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खिंच गई। मौसम वैज्ञानिक अभी भी सर्द हवाओं में तेजी के साथ ही शनिवार को भी ओलावृष्टि की संभावना जता रहे है।विगत करीब एक सप्ताह की तरह ही शुक्रवार की सुबह घने काले बादलों के छाने से हुई तथा अल सुबह तेज हवाओं के साथ वर्षा की रिमझिम का सिलसिला दोपहर करीब 11.30 बजे तक जारी रहा, बाद में बादल फटा तथा कुछ क्षेत्रों में धूप निकल आई लेकिन बादलों की आवाजाही के बीच धूप छांव का खेल जारी रहा।दोपहर तीन बजे से पूर्व ही आसमान पर फिर से काले घने बादल छा गए तथा नाम मात्र की छींटा छांटी शुरू हो गई। यही नहीं वर्षा के दौरान से 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं ने सर्दी का अहसास कराने में कसर नहीं छोड़ी। शाम करीब सात बजे के करीब अचानक हवाओं ने जोर पकड़ा तथा देखते ही देखते वर्षा के साथ ओलावृष्टि शुरू हो गई जोकि आधे घंटे तक जारी रही। गुरुवार से थम-थम कर हल्की फुहार पड़ने से मौसम में ठंडक बढ़ गई। गुरुवार मध्य रात्रि को मध्यम गति की बरसात हुई, जबकि शुक्रवार को रिमझिम फुहार बरसी। जिससे तापमान की चाल बदल गई। हालांकि अधिकतम तापमान में 2.4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। जनपद में 7.6 मिलीमीटर बरसात रिकार्ड हुई। बूंदाबांदी से सरसों की फसल को नुकसान पहुंच सकता है।

अलीगढ़, बुलंदशहर, जी. बी. नगर, सहारनपुर, शामली में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और ओलावृष्टि होने की संभावना है।शामली-मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। गुरुवार के बाद शुक्रवार को भी बरसात हुई। सुबह झमाझम पानी बरसात तो दोपहर होते-होते सूरज की गर्मी से भी लोग रूबरू हुए। बीच-बीच में बादल आते रहे, और सूरज उनकी ओट में छिपते रहे। वर्षा की वजह से फसलों को लाभ होने की बात कही जा रही है। मौसम वेधशाला के प्रभारी राजकीय अमीर आलम ने बताया कि पहाड़ों पर हो रही भारी बर्फबारी व वर्षा का असर मैदानी इलाकों पर पड़ा है, जिसके कारण सर्दी कुछ बढ़ी है।

## गंगा स्नान के लिए भारत आ रहे हिंदू युवक का पाकिस्तान में अपहरण, अभी तक कुछ पता नहीं

**कराची।** गंगा स्नान करने के लिए अपने परिवार के साथ भारत आ रहे हिंदू युवक का वाघा सीमा पार करने से कुछ मिनट पहले अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया। युवक की बहन ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख और सरकार से अपने भाई को मुक्त कराने का अनुरोध किया है। निर्मला ने कहा कि उसका भाई ओम प्रकाश कुमार का 21 फरवरी को लाहौर की तरफ आव्रजन कार्यालय से अपहरण कर लिया गया। उसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। ओम प्रकाश का परिवार सिंध प्रांत में कराची के उत्तर पूर्व 230 किलोमीटर पर स्थित मीरपुरखास का निवासी है।पाकिस्तान दारावार इत्तेहाद नाम से हिंदू अधिकार संगठन चलाने वाले सामाजिक कार्यकर्ता शिव काची द्वारा गुरुवार को इंटरनेट मीडिया पर जारी वीडियो संदेश में निर्मला ने कहा है कि वह और उसका परिवार गंगा स्नान के लिए भारत जा रहे थे तभी सादे कपड़े में आए कुछ लोगों ने प्रकाश को घेर लिया और उससे पूछताछ करने लगे।उन लोगों ने पासपोर्ट, वीजा फार्म और मोबाइल फोन ले लिया और ओम प्रकाश को दूसरे कमरे में ले गए। जब मैंने आवाज उठाई तो उनमें से एक व्यक्ति ने मुझसे कहा कि अपने परिवार को लेकर घर लौट जाओ। एक सप्ताह बीत चुके हैं भाई का पता नहीं चल सका है। सरकार या संबंधित विभाग से इस बारे में कोई कार्रवाई नहीं की है।

# साइबर ठग भारतीय डाक के संदेश और लिंक भेजकर कर रहे ठगी, राजस्थान पुलिस ने जारी की एडवायजरी

**जयपुर, 01 मार्च [एजेंसी]।**




साइबर ठग अब भारतीय डाक विभाग का सहारा लेकर आम लोगों को ठगने का काम कर रहे हैं। ठग भारतीय डाक के नाम से मोबाइल पर फर्जी संदेश और लिंक भेजकर सीधे-साधे लोगों को ठग रहे हैं। राजस्थान में इस तरह के कई मामले सामने आने के बाद राजस्थान पुलिस में साइबर अपराध के महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी ने लोगों के लिए एक सलाह जारी किया है। साथ ही भारतीय डाक की अधिकृत वेबसाइट का उपयोग करने के लिए कहा है।उन्होंने लोगों से नए तरह के साइबर अपराध से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि मोबाइल में आए अंजान लिंक को क्लिक नहीं करना चाहिए। साइबर ठग भारतीय डाक के नाम से संदेश भेजते हैं, जिसमें लिखते हैं कि आपका पार्सल डिलीवर नहीं हो रहा है, क्योंकि आपका पता गलत है। इसके बाद ठग फर्जी मोबाइल नंबर से एक मेल भेजते हैं, जिसमें लोगों से पता सही करने की बात कहते हैं। साथ ही संदेश में भेजे गए लिंक को क्लिक करने के लिए कहते हैं।क्लिक करते ही संबंधित व्यक्ति के बैंक खाते से रुपये ठग के अज्ञात बैंक खाते में ट्रांसफर हो जाते हैं। कहा कि अंजान लिंक पर क्लिक नहीं करें। अगर क्लिक करते हैं तो भारतीय डाक की फर्जी वेबसाइट खुलती है।वेबसाइट पर ठग व्यक्तिगत जानकारी जैसे नाम, पता, मोबाइल नंबर और बैंक खातों के बारे में पूछते हैं। बाद में व्यक्तिगत जानकारी के आधार पर संबंधित व्यक्ति के बैंक खाते में सेंध लगाकर दूसरे खातों में रुपये ट्रांसफर कर लेते हैं।

फर्जी लिंक की सूचना साइबर हेल्प लाइन नंबा 1930 एवं निकटम पुलिस थाने अथवा साइबर पुलिस थाने में दें।राजस्थान पुलिस की एंटी गैंग्सटर टास्क फोर्स ने दो दिन पहले असम एवं अरूणाचल प्रदेश से तस्करी कर फ्लाइट से जयपुर में मोबाइल सिम मंगवाकर उनके माध्यम से साइबर ठगी करने, धमकी देने और सट्टेबाजी करने के गिरोह का पर्दाफाश किया था। दुबई में बैठा जयपुर का निवासी अभिषेक इस गिरोह का सरगना है। पुलिस ने गुरूवार रात ठग की निशानदेही पर एक ठिकाने से 207 मोबाइल सिम कार्ड जब्त किए हैं।

# रोहिंग्या बच्चों को सरकारी स्कूलों में मिल सकेगा प्रवेश, सुप्रीम कोर्ट ने दिया अहम निर्देश

**नईदिल्ली, 01 मार्च [एजेंसी]।**

देश के शीर्ष न्यायालय ने शुक्रवार को एक बड़ी टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान निर्देश दिया कि रोहिंग्या बच्चे प्रवेश के लिए सरकारी स्कूलों से संपर्क कर सकते हैं और इनकार किए जाने की स्थिति में वे उच्च न्यायालय का रुख कर सकते हैं।दरअसल, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने दिल्ली सरकार के अधिकारियों को यूएनएचसीआर (शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त) कार्ड रखने वाले रोहिंग्या बच्चों को सरकारी स्कूलों में प्रवेश देने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका का निपटारा किया।जानकारी दें कि इस जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पीठ ने एनजीओ रोहिंग्या मानवाधिकार पहल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंजाल्विस से कहा कि हम चाहते हैं कि बच्चे पहले सरकारी स्कूलों का रुख करें। अगर उन्हें प्रवेश नहीं दिया जाता है, तो वे उच्च न्यायालय का रुख कर सकते हैं।पीठ ने यह भी कहा कि हाल में कोर्ट ने इसी राहत की मांग करने वाली एक अन्य जनहित याचिका में भी इसी तरह का आदेश पारित किया है। वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंजाल्विस ने इस दौरान कोर्ट से कहा कि अदालत अपने निर्देश को आदेश में दर्ज कर सकती है, जिससे 500 छात्रों को सरकारी स्कूलों में प्रवेश मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा। गोंजाल्विस ने कहा कि मैं 2018 से इस मुद्दे के लिए लड़ रहा हूं और एक सीधे आदेश से अदालत 500 छात्रों को प्रवेश देगी।इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि वह वही आदेश पारित कर रही है, जो उसने रोहिंग्या बच्चों के मामले में एक जनहित याचिका पर पारित किया था। पीठ ने कहा कि हम चाहते हैं कि बच्चे ही आगे आएं। 12 फरवरी को शीर्ष अदालत ने कहा था कि शिक्षा प्राप्त करने में किसी भी बच्चे के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। इस याचिका में केंद्र और दिल्ली सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि वे शहर में रोहिंग्या शरणार्थियों को सरकारी स्कूलों और अस्पतालों तक पहुंच प्रदान करें। शीर्ष अदालत ने पहले यह जानना चाहा था कि ये शरणार्थी किस क्षेत्र में रह रहे हैं और उनका विवरण भी मांगा था। 31 जनवरी को सर्वोच्च न्यायलय ने एनजीओ से कहा कि वह अदालत को बताए कि रोहिंग्या शरणार्थी शहर में कहां बसे हैं और उन्हें कौन-कौन सी सुविधाएं उपलब्ध हैं। कोर्ट ने एनजीओ के वकील गोंसाल्वेस से भी हलफनामा दाखिल करने को कहा, जिसमें दिल्ली में उनके बसने के स्थानों का उल्लेख हो।इस दौरान एनजीओ की ओर से पेश वकील गोंसाल्वेस ने कहा था कि एनजीओ ने रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए सरकारी स्कूलों और अस्पतालों तक पहुंच की मांग की थी, क्योंकि आधार कार्ड न होने के कारण उन्हें इससे वंचित कर दिया गया था। उन्होंने कहा था कि वे शरणार्थी हैं जिनके पास यूएनएचसीआर कार्ड हैं और इसलिए उनके पास आधार कार्ड नहीं हो सकते। लेकिन आधार के अभाव में उन्हें सरकारी स्कूलों और अस्पतालों तक पहुंच नहीं दी जा रही है।एनजीओ रोहिंग्या मानवाधिकार पहल की ओर से पेश वकील ने पिछली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि रोहिंग्या शरणार्थी दिल्ली के शाहीन बाग, कालिंदी कुंज और खजूरी खास इलाकों में रहते हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया था कि शाहीन बाग और कालिंदी कुंज में वे झुग्गी-झोपड़ियों में रहते हैं, जबकि खजूरी खास में वे किराए के मकान में रहते हैं।



## यूरोपीय केंद्रीय बैंक में तकनीकी गड़बड़ी से फंसा खरबों का लेनदेन, मचा हड़कंप




**फ्रैंकफर्ट, 01 मार्च [एजेंसी]।**

यूरोप के केंद्रीय बैंक में गुरुवार को आई अभूतपूर्व तकनीकी गड़बड़ी शुक्रवार को भी जारी रही, जिससे दिनभर खरबों यूरो का लेनदेन फंस गया। इससे समूचे यूरोप में हड़कंप मच गया।गुरुवार देर शाम बैंक ने कहा था कि इसने भुगतान तंत्र में आई करीब सात घंटे की गड़बड़ी को दूर कर लिया है। इसकी वजह से कंपनियों, ग्राहकों और निवेशकों के खरबों यूरो के लेनदेन फंस गए थे। हालांकि, यह गड़बड़ी को भी जारी रही और इसने दुनिया की सबसे प्रमुख मुद्राओं यूरो जारी करने वाली बैंक की प्रतिष्ठा को तगड़ा झटका दिया।

बैंक ने शुक्रवार देर शाम बताया, यूरोसिस्टम (यूरो जोन के केंद्रीय बैंकों का) यह स्वीकार करता है कि इस गड़बड़ी ने बाजार प्रतिभागियों के साथ इसके ग्राहकों को भी प्रतिकूल नतीजे दिए।

इस मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। यह असल वजह की पहले से पहचान करने और भविष्य में पुनरावृत्ति से बचाने के उपायों का पता लगाएगा। कथितरूप से 3.12 ट्रिलियन यूरो का दैनिक भुगतान और वित्तीय व्यापारों को निपटाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले टार्गेट 2 सिस्टम (टी2) में आई गड़बड़ी का मतलब है कि बैंकों के बीच लेनदेन नहीं हो सकता।

# होली खेलते समय महिलाओं को पहनने चाहिए ऐसे कपड़े, त्योहार का मजा हो जाएगा दोगुना



होली का त्योहार रंगों और खुशियों से भरा होता है, जो 14 मार्च को पड़ रहा है। इस दिन हर कोई अपने दोस्तों और परिवार वालों के साथ मिलकर रंग खेलता है।

रंग खेलते समय महिलाओं को ऐसे कपड़े पहनने चाहिए, जो आरामदायक भी हों और उन्हें खूबसूरत भी दिखाएं।

इस खास दिन पर आप इन फैशन टिप्स का पालन कर सकती हैं और सही कपड़ों का चयन करके त्योहार के मजे को दोगुना कर सकती हैं।

**सफेद कुर्ती चुनें**–होली खेलते समय सफेद रंग की कुर्ती पहनना सबसे बढ़िया रहता है। सफेद रंग पर सभी अन्य रंग उभरकर दिखते हैं और यह पारंपरिक लुक भी प्रदान करता है।

आप सूती या खादी कपड़े वाली सफेद कुर्ती चुन सकती हैं। इसे पहनकर आपकी त्वचा को हवा लग सकेगी और आप पूरे दिन आराम भी महसूस करेंगी।

इसके साथ आप चूड़ीदार पजामा या प्लाजो पहन सकती हैं, जिन्हें पहनकर चलना-फिरना आसान होता है।

**पुरानी जींस पहनें**

रंग खेलते समय पुराने कपड़े पहनना समझदारी होती है, क्योंकि गुलाल आदि से कपड़े खराब हो सकते हैं। पुरानी जींस एक अच्छा विकल्प होती है, क्योंकि यह मजबूत होती है और आसानी से धुल जाती है।

इसके साथ, आप पुरानी टी-शर्ट या टॉप पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक आकर्षक और स्टाइलिश भी लगेगा।

पुराने कपड़े पहनने से आपको रंगों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी और आप बिना किसी झिझक के होली का पूरा मजा ले सकेंगी।

**हल्के दुपट्टे का इस्तेमाल करें**

होली के दौरान अपने बालों को सुरक्षित रखने के लिए हल्के दुपट्टे का उपयोग किया जा सकता है। इसे सिर पर बांधकर रखने से आपके बाल रंगों और धूप से बचे रहेंगे।

इसके अलावा, यह आपके लुक में एक खास आकर्षण भी जोड़ देगा। दुपट्टा न केवल बालों को सुरक्षित रखता है, बल्कि आपको धूप से भी बचाता है।

आप इसे गले में भी ओढ़ सकती हैं, जिससे एक शानदार लुक मिल जाएगा।


**सिंथेटिक कपड़े पहनने से बचें**

नायलॉन या पॉलिएस्टर जैसे सिंथेटिक कपड़े होली खेलने के लिए सही नहीं होते हैं। ये त्वचा को हवा नहीं लगने देते और जल्दी सूखते भी नहीं हैं।

इन कपड़ों में पसीना अधिक आता है, जिससे असुविधा होती है। इसलिए, होली खेलते समय सूती या खादी जैसे प्राकृतिक कपड़ों का चयन करना चाहिए, जो आपकी त्वचा को आराम दे सकें।

ये कपड़े हल्के होते हैं और हवादार भी होते हैं, जिससे आपका लुक आकर्षक बन सकता है।

## शॉर्ट ड्रेस पहन अनन्या पांडे ने शेयर किया ग्लैमरस लुक



बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे हमेशा अपने फैशन स्टेटमेंट्स से सभी फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका बोल्ड और कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।

एक्ट्रेस अनन्या पांडे आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा कर अक्सर सभी फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती है।

वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर फैंस को दीवाना बना दिया है।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अनन्या पांडे कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक हॉट पोज देते हुए सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा रही हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

एक यूजर ने एक्ट्रेस की इन फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू मच हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- स्टनिंग। तीसरे यूजर ने लिखा है- अमेजिंग एंड स्टनिंग।

अनन्या पांडे की लेटेस्ट फोटोशूट कराई गई फोटोज में आप देख सकते हैं, उन्होंने व्हाइट कलर की स्टाइलिश शॉर्ट स्कर्ट और साथ ही शर्ट पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं।

# कौन सी टी-शर्ट पहनें? कंफ्यूज हैं? ये ऑप्शन आपको देंगे स्टाइलिश लुक

हर लड़की चाहती है कि वह अपने लुक को सबसे अलग और खूबसूरत बनाए. लेकिन जब बात आती है जीन्स के साथ सही टॉप या टी-शर्ट पहनने की, तो अक्सर हम कंफ्यूज हो जाते हैं. अगर आप भी क्रॉप टॉप, ऑफ-शोल्डर या नॉर्मल स्टाइल की टी-शर्ट पहनकर बोर हो गई हैं, तो अब कुछ नया ट्राई करने का समय आ गया है. यहां हम आपको कुछ ऐसे ट्रेंडी और कंफर्टेबल टी-शर्ट डिजाइन्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें पहनकर आप अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं.

प्रिंटेड प्योर कॉटन टी-शर्ट

आप अपने लुक में थोड़ा फन और कूलनेस एड करना चाहती हैं, तो प्रिंटेड प्योर कॉटन टी-शर्ट बेस्ट ऑप्शन है. खासतौर पर आपको कार्टून प्रिंट्स या ग्राफिक डिजाइन्स पसंद हैं, तो इस तरह की टी-शर्ट आपके कैजुअल लुक को और भी स्टाइलिश बना सकती हैं. इसे पहनकर आप दोस्तों के साथ आउटिंग या कॉलेज में कंफर्टेबल फील करेंगी. ये ऑनलाइन आपको आसानी से मिल जाएगी.



वी-नेक कॉटन टी-शर्ट

आप कुछ सिंपल, लेकिन स्टाइलिश ट्राई करना चाहती हैं, तो ग्रीन कलर की वी-नेक कॉटन टी-शर्ट बेस्ट चॉइस हो सकती है. इसे आप ब्लैक जीन्स के साथ पेयर कर सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी क्लासी लगेगा. ये ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह आसानी से मिल जाती हैं और कीमत भी ज्यादा नहीं होती, लगभग 300 रुपये तक में इसे खरीदा जा सकता है.

कैजुअल वी-नेक टी-शर्ट

जो लड़कियां ज्यादा एक्सपेरिमेंट नहीं करना चाहतीं, लेकिन फिर भी स्टाइलिश दिखना चाहती हैं, उनके लिए वी-नेक कैजुअल टी-शर्ट परफेक्ट ऑप्शन हो सकती है. इसे पहनकर आप कॉलेज जा सकती हैं या दोस्तों के साथ घूमने जा सकती हैं. यह लाइटवेट और कंफर्टेबल होती है, जिसे आप किसी भी सीजन में पहन सकती हैं.

ओवरसाइज्ड प्योर कॉटन टी-शर्ट

अगर आपको कंफर्ट और स्टाइल दोनों चाहिए, तो ओवरसाइज्ड प्योर कॉटन टी-शर्ट एकदम बेस्ट रहेगी. ड्रॉप-शोल्डर स्लीव्स वाली ये टी-शर्ट आपको मॉडर्न और स्टाइलिश लुक देगी. इसे आप जीन्स के साथ पहन सकती हैं और ऑफिस या कॉलेज के लिए भी इस्तेमाल कर सकती हैं. यह आपको ऑनलाइन 300 रुपये तक की रेंज में मिल सकती है.

अगर आप अपने जीन्स लुक को बोरिंग बनाने के बजाय कुछ नया ट्राई करना चाहती हैं, तो ये स्टाइलिश और ट्रेंडी टी-शर्ट ऑप्शन आपके लिए परफेक्ट हैं. आप अपनी पर्सनैलिटी के हिसाब से इनमें से कोई भी टी-शर्ट चुन सकती हैं और अपने लुक को एक नया ट्विस्ट दे सकती हैं. अगली बार जब भी शॉपिंग करें, इन ट्रेंडी टी-शर्ट को अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें.

## रजनीकांत की कुली में पूजा हेगड़े की एंट्री, पहली झलक आई सामने



साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक हैं. थलाइवा के इस एक्शन थ्रिलर को लोकेश कनगराज ने डायरेक्ट किया है. इस फिल्म में रजनीकांत, नागार्जुन जैसे बड़े कलाकार शामिल हैं. आज, मेकर्स ने एक नए कलाकार की पहली झलक दिखाई है. जी हां, कुली मेकर्स ने फिल्म से साउथ एक्ट्रेस पूजा हेगड़े का फर्स्ट लुक जारी किया है. पूजा हेगड़े का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है.

पूजा हेगड़े, लोकेश कनगराज निर्देशित कलाकारों में शामिल हो गई हैं. गुरुवार को सन पिक्चर्स ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर कुली से पूजा हेगड़े का फर्स्ट लुक जारी किया है, जिसमें वे लोकेश कनगराज निर्देशित फिल्म में अपनी भूमिका का खुलासा करती नजर आ रही हैं. फर्स्ट लुक जारी करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, हां, आपने सही अनुमान लगाया. कुली के सेट पूजा हेगड़े.

पोस्टर में पूजा हेगड़े को हॉट रेड कलर के कटआउट गाउन में देखा जा सकता है. खुले बाल और बड़े से इयररिंग्स में पूजा काफी खूबसूरत लग रही हैं. उनके इस लुक की हर कोई तारीफ कर रहा है. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म में पूजा हेगड़े किसी स्पेशल सॉन्ग पर परफॉर्म कर सकती हैं. इससे पहले मेकर्स ने रजनीकांत के बर्थडे पर फिल्म से नए गाने चिकिटू का प्रोमो जारी किया था, जिसने फैंस को खुश कर दिया था।

## शब्द सामर्थ्य -341

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 | | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | 17 | | 18 | | | ■ | |
| 19 | | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | | | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 340 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |



## बॉक्स ऑफिस पर मेरे हस्बैंड की बीवी ने तोड़ा दम

अर्जुन कपूर ने लंबे समय से हिट फिल्म का मुंह नहीं देखा हैं। उम्मीद थी कि उनकी फिल्म मेरे हस्बैंड की बीवी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी और इसके जरिए सालों बाद उन्हें एक हिट फिल्म नसीब होगी, लेकिन इसने भी उन्हें निराश कर दिया।

पहले दिन से ही यह फिल्म दर्शकों के लिए तरस रही है। फिल्म की कमाई लाखों में सिमटी हुई है।

आइए बताते हैं मेरे हस्बैंड की बीवी ने छठे दिन कितने लाख रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, मेरे हस्बैंड की बीवी ने अपनी रिलीज के छठे दिन यानी पहले बुधवार को केवल 5.7 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस क्लेक्शन 6.2 करोड़ रुपये हो गया है।



## मैं तमिल लड़की नहीं हूं, लेकिन आपने जो प्यार मुझ पर बरसाया है, वह अमूल्य है: कयादु लोहार

निर्देशक अश्वथ मारीमुथु की हाल ही में रिलीज़ हुई फ़िल्म ड्रैगन से तमिल सिनेमा में डेब्यू करने वाली अभिनेत्री कायादु लोहार फ़िल्म रिलीज़ होने के बाद से ही दर्शकों से मिल रहे प्यार से अभिभूत हैं। वास्तव में, इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री की टाइमलाइन इतनी प्रशंसात्मक टिप्पणियों और संपादनों से भर गई है कि अभिनेत्री ने अब इंस्टाग्राम पर एक वीडियो क्लिप डाली है, जिसमें उन्होंने अपने सभी प्रशंसकों को उनके प्यार के लिए धन्यवाद दिया है, जिसे वह अमूल्य कहती हैं। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने इस वीडियो क्लिप में तमिल और तेलुगु में बात की है। कयादु लोहार ने कहा मुझे नहीं पता कि कहां से शुरू करूं। पल्लवी, ड्रैगन और मुझे जो प्यार मिला है, उसने मुझे अभिभूत कर दिया है। चाहे वह सिनेमाघरों में आपकी सीटियां हों या आपके टैग, या इंस्टाग्राम पर स्टोरीज या खूबसूरत कमेंट्स, मैं खुशी से भर गया हूं। मैं तमिल लड़की नहीं हूं। मैं भाषा अच्छी तरह से नहीं बोल सकती। आपने जो प्यार मुझ पर बरसाया है, वह अमूल्य है। मुझे विश्वास है कि मैं अपनी फिल्मों के माध्यम से आप सभी के इस प्यार का बदला चुकाऊंगा और आप सभी को गौरवान्वित करूंगा। ड्रैगन, जिसे गैर-नाट्य प्रदर्शनों से अर्जित धन के कारण रिलीज से पहले ही सफल घोषित कर दिया गया था, मात्र तीन दिनों में 50 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। कल्पति एस अघोरम, कल्पति एस गणेश और कल्पति एस सुरेश द्वारा निर्मित इस फिल्म में प्रदीप रंगनाथन ने अनुपमा परमेश्वरन और कयादु लोहार के साथ मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म का संगीत लियोन जेम्स ने दिया था और छायांकन निकेत बोम्मी ने किया था।

# हितग्राहियों को पक्के मकान बनाने में पूर्ण सहयोग करें आवास मित्र-डॉ. आशुतोष

## जिला पंचायत कोरिया में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा बैठक संपन्न




**कोरिया/बैकुंठपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक वंचित हितग्राही को पक्के मकान उपलब्ध कराने हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का क्रियान्वयन तेज़ी से किया जा रहा है। इस योजना को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए आवास मित्रों को प्रेरक की भूमिका सौंपी गई है। जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने आवास मित्रों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक हितग्राही को उनके मकान निर्माण के लिए प्रेरित करें और निर्माण कार्य में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं।

हितग्राहियों को जल्द से जल्द पक्के मकान उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। आवास मित्रों को निर्माण कार्य में सहायता देने और नियमित निगरानी करने की जिम्मेदारी दी गई। सभी मैदानी कर्मचारियों को हितग्राहियों से सतत संवाद और समन्वय करने के निर्देश दिए गए। जिले में योजना के त्वरित क्रियान्वयन के लिए निरंतर निरीक्षण और प्रगति की समीक्षा की गई। इस वित्तीय वर्ष में 5,401 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत चयनित कर प्रथम किश्त जारी की गई है। इनमें से 260 से अधिक लाभार्थियों ने अपने पक्के मकान का निर्माण पूर्ण कर लिया है। बैकुंठपुर जनपद पंचायत के 3,850 हितग्राही और सोनहत जनपद पंचायत के 1,551 हितग्राही लाभान्वित हैं। सभी हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि पहले ही जारी की जा चुकी है और कई लाभार्थी अपने आवास निर्माण कार्य को पूरा कर चुके हैं। शेष निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के लिए आवास मित्रों को सक्रिय किया गया है, जिन्हें हितग्राहियों की मदद करने और योजना को सफल बनाने के लिए प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जा रही है। इस समीक्षा बैठक में जिला समन्वयक, सहायक अभियंता, सहायक परियोजना अधिकारी (मनरेगा) और जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आवास निर्माण कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने और योजना को समय पर पूरा करने हेतु विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की गई।

### खाते से मोबाइल नंबर लिंक कराकर मौसेरे भाई ने लगा दी 1 लाख की चपत

**लखनपुर।** अपने मौसेरे भाई के नाम पर फर्जी तरीके से बैंक से 1 लाख रुपए का लोन निकालने व लोन की राशि न पटाने के मामले में लखनपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने अपने मौसेरे भाई के बैंक खाते में अपना मोबाइल नंबर लिंक करा लिया था। फिर दस्तावेजों के सहारे लोन निकाल लिया था। सत्यनारायण चौहान अमदला थाना लखनपुर का रहने वाला है। इसका मौसेरा भाई परमात्मा कुमार है जो गांव में ही किराना का दुकान चलाता है। सत्यनारायण को 30 हजार रुपए की आवश्यकता थी। वह अपने मौसेरे भाई को किसी बैंक से लोन दिलाने के लिए बोला था। परमात्मा ने अपने मौसेरे भाई सत्यनाराण का आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज लेकर भारत फाइनेंस इंडसइंड बैंक शाखा लखनपुर जाकर बैंक कर्मचारी से लोन के लिए बात की। बैंक कर्मचारी द्वारा ऑनलाइन लोन फार्म भरकर खाता खोलने की जानकारी दी गई एवं 1 लाख रुपए लोन पास होना बताया।

## कोरिया में आरोग्यम निकुष्ठ अभियान का शुभारंभ

**कोरिया/बैकुंठपुर।** जिले में कुष्ठ रोग उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत आरोग्यम निकुष्ठ अभियान का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित इस अभियान की शुरुआत जिला स्तरीय कार्यशाला से हुई, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को कुष्ठ रोग की पहचान, रोकथाम और उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी ने कुष्ठ रोग के लक्षण, इसके प्रकार और संक्रमण के तरीकों पर प्रकाश डाला। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. अनित बखला ने इस रोग के उपचार और मरीजों को दी जाने वाली मुफ्त दवाइयों के बारे में बताया। घर-घर होगी स्क्रीनिंग, मरीजों को मिलेगा निशुल्क उपचार, इस अभियान के तहत जिलेभर में स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर कुष्ठ रोग की स्क्रीनिंग करेंगे। संभावित मरीजों की पहचान होने पर उन्हें निकटतम स्वास्थ्य केंद्र भेजा जाएगा, जहां तत्काल निशुल्क दवा उपलब्ध कराई जाएगी। अभियान को छह चरणों में निष्पादित किया जाएगा, जिससे जिले में कुष्ठ रोग के प्रभावी उन्मूलन की दिशा में ठोस कार्य हो सके। प्रचार रथ को हरी झंडी, कुष्ठ वॉरियर्स को किया गया सम्मानित, भियान के प्रचार-प्रसार के लिए कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिविल सर्जन, अस्पताल अधीक्षक, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग, जिला श्रम अधिकारी और जिला महिला बाल विकास अधिकारी ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कुष्ठ रोग से ठीक हो चुके कुष्ठ वॉरियर्स ने अपने अनुभव साझा किए और स्वास्थ्य विभाग से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर ने इन वॉरियर्स को शॉल, श्रीफल और सेल्फ केयर किट भेंट कर सम्मानित किया। इस अभियान के माध्यम से जिले में कुष्ठ रोग की पहचान और रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे समाज के हर व्यक्ति को स्वस्थ जीवन जीने का अवसर मिले। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग श्रीमती उषा लकड़ा, जिला श्रम अधिकारी, जिला महिला बाल विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रेष्ठ मिश्रा, एपिडेमियोलॉजीस्ट डॉ. अभय जूगल किशोर तिर्की, सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत पटना से नवनिर्वाचित कांग्रेस पार्षदों का सम्मान किया संगठन ने



**कोरिया/बैकुंठपुर।** नगर पंचायत पटना में संपन्न हुए चुनाव में विजयी हुए नवनिर्वाचित पार्षदों का आज राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुआ,जहां कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने सभी पार्षदों को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने जिन उम्मीदों और विश्वास के साथ अपने प्रतिनिधियों का चयन किया है, उसे कायम रखते हुए क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देना ही सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य होगा। उन्होंने पार्षदों से आग्रह किया कि वे जनता की सेवा को सर्वोपरि रखते हुए निःस्वार्थ भाव से अपने वार्ड के विकास के लिए कार्य करें। सम्मान समारोह में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और सभी पार्षदों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर नगर पंचायत पटना के विभिन्न वार्डों से नवनिर्वाचित पार्षदों ने भी अपनी भावनाएँ व्यक्त करते हुए जनता का आभार जताया और विश्वास दिलाया कि वे क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस अवसर परपूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल,वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुख्तार अहमद,सौरभ गुप्ता,पार्षद अंकित गुप्ता लवी,सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



### कंटेनर ने बोलेरो को मारी टक्कर 4 श्रद्धालुओं की मौत, 7 घायल

**अंबिकापुर।** महाशिवरात्रि के दिन सरगुजा जिले में बड़ा हादसा हो गया। सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो को कंटेनर ने टक्कर मार दी। हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई। सात अन्य घायल हैं। सभी घायलों को सीतापुर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना से नाराज लोगों ने कंटेनर में आग लगा दी थी। पुलिसकर्मियों ने आग पर काबू पाया। सरगुजा जिले के दरिमा क्षेत्र के ग्राम रेवापुर सखोली के लोग महाशिवरात्रि पर पूजा अर्चना के लिए जशपुर जिले के किलकिला शिव मंदिर गए थे। पूजा अर्चना के बाद सभी बोलेरो वाहन से वापस लौट रहे थे। अंबिकापुर-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिशुनपुर के समीप तेज गति की कंटेनर से बोलेरो की टक्कर हो गई। हादसे में चार लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि सात लोग घायल हो गए। शवों तथा घायलों को सीतापुर ले जाया गया है। तेज गति को दुर्घटना का कारण बताया जा रहा है।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर छात्राएं पुरस्कृत



**कोरिया/बैकुंठपुर।** भारतीय युवाओं को शसक्त बनाने हेतु राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर 27 फरवरी को छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रायोजित एवं स्कूल शिक्षा विभाग जिला कोरिया द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में दैनिक जीवन में विज्ञान विषय पर विज्ञान माडल, पोस्टर चित्रकला आदि विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बैकुण्ठपुर में सम्पन्न हुआ जिसमें जिले भरके लगभग पचास विद्यालयों के सैकड़ों विद्यार्थियों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों ने भाग लिया कार्यक्रम का प्रारम्भ जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित विनय मोहन भट्ट, जयनाथ बाजपेई, संस्था प्राचार्य सुनील कुमार मिश्रा जिला समन्वयक राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस जिला कोरिया हरिकान्त अग्निहोत्री एवं निर्णायक मण्डल तथा आयोजक मण्डल के सदस्यों द्वारा माता सरस्वती जी के पूजन से प्रारम्भ हुआ विनय मोहन भट्ट ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को आशीर्वाद के रूप में विज्ञान के साधनों का समुचित उपयोग करने का सुझाव देते हुए शुभकामनाएं दी और उन्हें एक दिन उत्कृष्ट वैज्ञानिक बनने हेतु प्रेरित किया जयनाथ बाजपेई ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को बताया कि कैसे आज हम विज्ञान के साधनों का उपयोग कर जीवन की जटिलताओं को सहज सुलझा लेते हैं परन्तु हमे सदैव सावधानी के साथ विज्ञान के साधनों का उपयोग करना चाहिए निर्णायक मण्डल के सदस्यों में राजीव जायसवाल श्रीमती जिज्ञासा दुबे श्रीमती श्वेता यादव द्वारा प्रतिभागियों के माडल पोस्टर चित्रों का बारीकी से निरीक्षण कर अंतिम परिणाम प्रदान किया प्रतियोगिता में अब्बल रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया एवं सहभागी समस्त प्रतिभागियों को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया सम्पूर्ण कार्यक्रम का विधिवत संचालन राजेश पाण्डेय जी द्वारा किया गया नारेन्द्र दुबे के द्वारा समस्त प्रतिभागियों का पंजीकरण उनकी बैठक व्यवस्था आदि का कार्य कुशलता पूर्वक सम्पन्न किया गया।

## परीक्षा में सफलता के लिए छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों की अहम भूमिका: पांडेय



**चिरमिरी।** परीक्षा का समय आ गया है। छात्रों को इस दौरान विशेष ध्यान और मार्गदर्शन की जरूरत होती है। समय तेजी से बदल रहा है। इसका असर स्कूली बच्चों पर भी दिख रहा है। पिछले 8-10 महीनों की पढ़ाई को देखते हुए अभिभावकों और शिक्षकों को चाहिए कि वे बच्चों का मनोबल बढ़ाएं। उनमें सकारात्मकता बनाए रखें। ताकि वे खुद को अकेला महसूस न करें और बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

यह बात डीएवी एसईसीएल चिरमिरी के प्राचार्य एसके पाण्डेय ने परीक्षा की सफलता के लिए छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका को बताते हुए कहा। प्राचार्य ने कहा कि अभिभावकों को बच्चों की मनोस्थिति समझनी होगी। ताकि वे सही दिशा में उनकी मदद कर सकें। उन्हें बच्चों के लिए एक सुव्यवस्थित दिनचर्या बनानी चाहिए। जिसमें पढ़ाई का सही विभाजन हो। पौष्टिक भोजन, पर्याप्त आराम और अच्छी नींद जरूरी है। बच्चों के साथ समय बिताना, उनकी बातें सुनना और उन्हें प्रोत्साहित करना भी जरूरी है। परीक्षा में अंक ही सफलता का पैमाना नहीं होते, यह समझाना भी जरूरी है। मोबाइल और सोशल मीडिया से दूरी फायदेमंद होगी। बच्चों पर दबाव डालने से समाधान नहीं निकलेगा। उन्हें मानसिक रूप से मजबूत करना होगा। छात्रों को भी बेवजह तनाव नहीं लेना चाहिए। पूरी मेहनत से पढ़ाई करनी चाहिए। ताकि अच्छे परिणाम मिल सकें।

**शिक्षकों की जिम्मेदारी भी बड़ी**

प्राचार्य डॉ पाण्डेय ने कहा कि शिक्षकों की भूमिका भी इस समय अहम होती है। आखिरी समय में बहुत कुछ नहीं बदला जा सकता, लेकिन सही तैयारी से अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। यह समय छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाने का है। वे शिक्षकों की बातों पर भरोसा करते हैं। शिक्षकों को चाहिए कि वे छात्रों को प्रोत्साहित करें और सफलता का मार्ग दिखाएं। छात्रों को अपने अभिभावकों और शिक्षकों पर विश्वास रखना चाहिए। उनकी सलाह का पालन करना चाहिए। अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त करना चाहिए।

### मेडिकल छात्रा ने एचओडी पर लगाया गंभीर आरोप

**रायपुर।** रायपुर के पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की एक पीजी छात्रा ने कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ. आशीष सिन्हा पर गंभीर आरोप लगाए हैं. छात्रा ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त को एक शिकायत पत्र भेजकर शारीरिक, मानसिक और यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं. छात्रा ने अपने पत्र में बताया कि 28 दिसंबर 2024 को विभाग से असंबंधित एक सीएमई कार्यक्रम में उपस्थिति को अनिवार्य बनाया गया था।

## लखमा पर भाजपा ने पार्टी में शामिल होने के लिए बनाया था दबाव: सिंहदेव

**अंबिकापुर।** पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि कवासी लखमा पर भाजपा ने पार्टी में शामिल होने दबाव बनाया गया था। भाजपा ने कवासी लखमा को ऑफर दिया था यदि वह भाजपा में शामिल होते हैं, तो उनके विरुद्ध कार्रवाई नहीं होगी। ऐसी बातें चर्चा में आई हैं। हो सकता है, यह अफवाह भी हो। शराब घोटाले के मामले में पूर्व मंत्री लखमा अभी जेल में बंद है। बुधवार को महाशिवरात्रि के दिन सिंहदेव ने अपने एक निजी तालाब में छठ घाट निर्माण का भूमिपूजन करने यहां पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पूर्व आबकारी मंत्री लखमा का बचाव करते हुए कहा कि ईडी को जो डायरी मिली है, उसमें कैसे और क्या लिखा गया है, एक दिन यह भी जनता के सामने आएगा। उन्होंने कहा कोई भी एक डायरी लाएं, उसमें कुछ भी लिख दें, इस आधार पर ईडी कार्रवाई करे यह सही नहीं है। कवासी लखमा भी खुद को निर्दोष बता चुके हैं। उन्होंने कहा कि केवल अफवाह के सहारे किसी पर भी आरोप लगाते हुए उसे जेल में डालना इस सरकार का प्रमुख कार्य है। सिंहदेव ने महाराष्ट्र के एनसीपी नेता अजीत पवार का नाम लेते हुए कहा कि उनके ऊपर 60 से 70 हजार करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया था, लेकिन उसके बाद क्या हुआ, सबके सामने है। टीएस सिंहदेव ने आगे कहा कि गत दिवस ईडी के अधिकारियों के द्वारा एक नोटिस दिया गया है, जिसमें ईडी ने कांग्रेस कार्यालय भवन निर्माण के संबंध जानकारी मांगी गई है।

### जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 3 को

**सूरजपुर।** जिला संयुक्त कार्यालय सूरजपुर के सभा कक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 03 मार्च को समय सीमा के बैठक के पश्चात् आयोजित किया गया है।

### नगरीय निकायों में शपथ ग्रहण एवं प्रथम सम्मेलन हेतु अधिकारी की नियुक्त

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, नवा रायपुर के परिपालन में छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 55 एवं 55-(क) के अपेक्षानुसार शपथ ग्रहण एवं प्रथम सम्मेलन हेतु जिले में स्थित नगरपालिका परिषद् सूरजपुर एवं नगर पंचायत बिश्रामपुर के लिए श्रीमती शिवानी जायसवाल (अनुविभागीय दण्डाधिकारी सूरजपुर) तथा नगर पंचायत जरही के लिए चांदनी कंवर (डिप्टी कलेक्टर), नगर पंचायत भटगावं के लिए सागर सिंह (अनुविभागीय दण्डाधिकारी भैयाथान), नगर पंचायत प्रतापपुर के लिए ललीता भगत (अनुविभागीय दण्डाधिकारी प्रतापपुर) अधिकारियों को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### विज्ञान प्रदर्शनी में छात्राओं द्वारा निर्मित मॉडल को प्रथम स्थान

**सूरजपुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर द्वारा प्रायोजित तथा विज्ञान से होने वाले लाभ के प्रति समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोच पैदा करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सूरजपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच. एन. दुबे के निर्देशन एवं कार्यक्रम समन्वयक टी.आर. राहंगडाले के मार्गदर्शन में इस वर्ष की थीम एम्पावरिंग इंडियन यूथ फॉर ग्लोबल लीडरशिप इन साइंस एंड इनोवेशन फॉर विकसित भारत पर जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने मॉडल्स का प्रदर्शन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी हेतु गठित निर्णायक मण्डल द्वारा मॉडल्स को विभिन्न मापदंडों की कसौटी में परखतें हुए शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की छात्राओं सादिया परवीन एवं अन्य द्वारा निर्मित मॉडल ऑटोमेटिक वॉटर डिस्पेंसर मशीन को प्रथम स्थान से नवाजा। कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में डॉ. रविशंकर चौहान, सहायक प्राध्यापक (वनस्पति विज्ञान) शासकीय महाविद्यालय, भैयाथान उपस्थित रहे तथा महाविद्यालयीन समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी की सक्रिय सहभागिता रही।

### पीजी कॉलेज में मनाया विज्ञान दिवस

**सूरजपुर।** शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर में 1 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 का समापन हुआ। आज समापन दिवस पर विद्यार्थियों के द्वारा विज्ञान मॉडल एवं वेस्ट मटेरियल से उपयोगी वस्तुओं के निर्माण विषय पर प्रतियोगिता रखी गई थी, साथ ही आज के कार्यक्रम में शोध के लिए प्रेरित करने हेतु विषय विशेषज्ञ का व्याख्यान भी आयोजित किया गया। यह व्याख्यान डॉ. रविशंकर चौहान सहायक प्राध्यापक, वनस्पति शास्त्र, शासकीय पं. रविशंकर त्रिपाठी महाविद्यालय भैयाथान, जिला सूरजपुर के द्वारा दिया गया। विज्ञान मॉडल में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के उपयोगी वस्तुओं एवं विज्ञान के सिद्धांतों को प्रदर्शित किया। विषय विशेषज्ञ द्वारा विज्ञान मॉडल का निरीक्षण किया गया तथा उनसे विभिन्न प्रश्न पूछे। प्रतिभागियों ने प्रश्नों का उत्तर दिया तथा अपने मॉडल की उपयोगिता को भी समझाया। यह कार्यक्रम सी कास्ट रायपुर एवं डी एस टी नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित किया गया है। डी एस टी, कोऑर्डिनेटर डॉ. जे.के. राय मैडम द्वारा समय-समय पर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदाय किए गए, जिनका पालन महाविद्यालय के कार्यक्रम में किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच. एन. दुबे द्वारा विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति रुचि रखते हुए सामाजिक समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक शोध कार्य करने हेतु प्रेरित किया। समापन कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक अतिथि व्याख्याता एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम भारत के युवाओं को विज्ञान और नवाचार में ग्लोबल स्तर पर अग्रणी बनने हेतु प्रेरित करने के लिए आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के महान वैज्ञानिक सर सीवी रमन को याद किया गया। यह कार्यक्रम सर सीवी रमन द्वारा की गई रमन प्रभाव की खोज के सम्मान में आयोजित किया जाता है।

### बसदेई में पंजीकरण कैम्प का आयोजन

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में जिले के मत्स्य किसानों को प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि योजना (पीएमएमकेएसवाई) के तहत एन.एफडी.पी. पोर्टल पर पंजीयन हेतु लाभ प्रदान करने वृहद पंजीकरण कैम्प का आयोजन शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बसदेई में किया गया। जिसमें किसान क्रेडिट कार्ड 04 प्रकरण, मत्स्यजीवी दुर्घटना बीमा 20 एवं एन.एफडी.पी. पोर्टल में 10 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया तथा प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि योजना एवं शासन के द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दिया गया। कैम्प में आनंद मिंज जिला अग्रणी प्रबंधक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया सूरजपुर के द्वारा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध में संबंधित किया गया। साथ ही जिले में बैंक संबंधित किसी प्रकार की समस्या हो तो सीधे अवगत कराने हेतु कहा गया। श्री एम.एस. सोनवानी सहायक संचालक मछली पालन के द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड, एक्का इंश्योरेंस मत्स्यजीवी दुर्घटना बीमा के साथ-साथ विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने एवं वृहद पंजीयन कराने हेतु आहवान किया गया। कैंप के दौरान डिगेश्वर सिंह मत्स्य निरीक्षक, मुकेश कुमार राजवाड़े, छोटेलाल तिर्की मत्स्य जमादार, अजय साहू, रूकमणीरमण तिवारी एवं जिले के पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति, सीएससी के प्रतिनिधि, मछुआ समूह एवं व्यक्तिगत वर्ग के 100 मत्स्य कृषक उपस्थित रहे।

### कुदरगढ़ महोत्सव तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन

**सूरजपुर।** चैत्र नवरात्र पर आयोजित होने वाले कुदरगढ़ महोत्सव की तैयारियां सुनियोजित तरीके से हो, इसके लिए कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें कुदरगढ़ महोत्सव आयोजन के संबंध में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में कार्यक्रम स्थल में साफसफाई, बिजली व्यवस्था, पानी व्यवस्था और पार्किंग व्यवस्था के बेहतर इंतजाम को लेकर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। कलेक्टर द्वारा कुदरगढ़ मंदिर के आस पास के परिक्षेत्र के दुकानदार के साथ एसडीएम व जनपद सीईओ को बैठक लेने के निर्देश दिये गए। जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने और बेहतर सफाई प्रबंधन हेतु सभी को डस्टबिन रखने हेतु प्रेरित करने की बात कही गई। चैत्र नवरात्र की अवधि में मां बागेश्वरी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध हो, कलेक्टर ने इस बात पर विशेष ध्यान देने की बात कही। बैठक में डीएफओ पंकज कमल, जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू, एसडीएम सागर सिंह, संभाग प्रभारी अधिकारी पर्यटन आशीष वर्मा, ओड़गी जनपद सीईओ नृपेंद्र सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंधित

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन जिला मजिस्ट्रेट द्वारा छत्तीसगढ़ कोलहाल नियंत्रण अधिनियम, 1985 की धारा 5 के तहत ध्वनि विस्तारक यंत्र का चलाना या चलवाया जाना प्रतिबंधित किया गया है। शालेय एवं महाविद्यालयीन परीक्षाएं प्रारंभ होने वाली हैं तथा विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा की तैयारी की जा रही है। आम जनता द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग मानक सीमा से अधिक आवाज, ऊंची आवाज में किये जाने से विद्यार्थियों को पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होता है। इसके अतिरिक्त बुजूर्ग, दुर्बल एवं बीमार व्यक्ति चाहे वे किसी संस्था, अस्पताल या घर में हों, को अत्यधिक परेशानी होती है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों का मनमानी तरीके से उपयोग की सुविधा नहीं दी जा सकती है।

# हाथियों का खौफ : 12 गांव में 9 घंटे बिजली गुल से छात्र और जनता परेशान

### लोगों का सवाल- क्या दिन में नहीं गुजर सकते हाथी

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के पावर हब कहे जाने वाले कोरबा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों का खौफ बिजली वितरण कंपनी पर कुछ ऐसा है कि वह एक दर्जन से ज्यादा गांव में इसी नाम से 9 घंटे तक बिजली गुल कर रही है। यह सिलसिला एक महीने से भी ज्यादा समय से बना हुआ है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा के सीजन में ग्रामीण विद्यार्थियों की तैयारी बाधित हो रही है। इस वजह से विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके परिजन परेशान है। इस चिंता को दूर करने के लिए बिजली वितरण कंपनी किसी भी प्रकार से गंभीर नहीं है।

न केवल कोरबा जिला बल्कि छत्तीसगढ़ की बड़ी घरेलू और व्यावसायिक जरूर को पूरा करने का काम कोरबा जिले से उत्पादित होने वाली बिजली कर रही है। कोरबा जिले में बिजली उत्पादन कंपनी के पुराने और नए संयंत्र पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं।



इसके अलावा निजी क्षेत्र की बिजली परियोजनाएं भी इसी जिले में कार्यरत हैं जो बिजली आवश्यकता के मामले में भूमिका सुनिश्चित कर रही है। बाहरी दुनिया को ऐसा ही लगता है कि जहां से बिजली का उत्पादन होता है वहां के लोगों के सामने किसी प्रकार की चुनौती नहीं होती लेकिन यह केवल मृग मरीचिका से ज्यादा कुछ नहीं है। जिले के शहरी क्षेत्र में कई प्रकार के दबाव और जागरूकता का असर कहना होगा कि तमाम तरह की दुश्वारियां को दूर करने के लिए बिजली वितरण कंपनी का सिस्टम अपनी तरफ से काम कर रहा है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गति बनी हुई है। वितरण कंपनी के कोरबा ग्रामीण संभाग के अंतर्गत 12 से ज्यादा गांव पिछले एक महीने से भी ज्यादा से बिजली गुल की बनावटी समस्या के कारण परेशान है। यह समस्या इसलिए पैदा की जा रही है क्योंकि हाथियों की आवाजाही इलाके में बनी हुई है और बिजली कंपनी का अमला इससे डरा हुआ है कि रात में बिजली आपूर्ति चालू होने पर फिर कोई हाथी की मौत ना हो जाए- विद्युत लाइन की चपेट में आने से।

आसपास से मिली सूचनाओं में बताया गया है कि बरपाली, जिलगा, सरणीडेरा, तौलीपाली, समरकना, बासीन, कुदमुरा, कोलगा, तराईमार कछार और उनके आसपास स्थित 12 से ज्यादा गांव रात्रि 10ः00 बजे के साथ अंधेरे में डूब जाते हैं। पूरे 9 घंटे तक इन गांव में यही स्थिति होती है। यह गांव लंबे समय से हाथी प्रभावित मानचित्र में अपनी उपस्थिति बनाए हुए हैं। समझा जा सकता है कि इन इलाकों में रहने वाली आबादी किस कदर परेशान होगी और ऊपर से विद्युत की आपूर्ति रात्रि में बंद कर देने से उन पर क्या गुजरती होगी।

ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत कंपनी के द्वारा करतला उप केंद्र से उपरोक्त समय सारणी के अंतर्गत बिजली गुल कर दी जा रही है ।सुबह 7ः00 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल होती है। लंबे समय से यह व्यवस्था बने होने के कारण बोर्ड परीक्षा और अन्य कक्ष के विद्यार्थियों की तैयारी ऐसे ही बाधित हो गई। 1 मार्च से हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा की शुरुआत हो गई है और इस पर भी विद्यार्थियों का टेंशन बढ़ गया है कि वह पढ़ाई कब करें। जबकि हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 3 मार्च से प्रारंभ होना है। हाथी के नाम से बिजली आपूर्ति बाधित किए जाने और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने प्रशासन के साथ-साथ सीएसईबी को अवगत कराया लेकिन अब तक उसे पर कोई असर नहीं हुआ कि वह व्यवस्था को ठीक करें। जानकारी मिली कि लगभग 2 महीने पहले इसी इलाके में विद्युत प्रवाहित तार में फंसने से एक हाथी की मौत हो गई थी जिस पर पुलिस ने वितरण कंपनी के एक लाइनमैन के विरुद्ध अपराध पंजीबद किया। इसका बदला लेने के लिए यह विकल्प वितरण कंपनी में निकाला है ।। अधिकारियों को लगता है की रात्रि में बिजली गुल रहेगी तो हाथी संकट में नहीं पड़ेंगे। दूसरी और ग्रामीणों ने सवाल किया है कि क्या दिन में बिजली आपूर्ति बहाल किए जाने पर हाथियों को यह पता चल सकता है कि क्या इस इलाके में खतरा नहीं है?

### 40 हजार की आबादी के सामने संकट

वितरण कंपनी के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में लंबे समय से विद्युत आपूर्ति बाधित करने को लेकर जो व्यवस्था बनाई गई है, उसके चलते लगभग 40 हजार की आबादी पर बुरा असर पड़ रहा है। विद्यार्थियों के अलावा आम लोगों के सामने परेशानी है। ग्रामीण जनता की मांग है कि यह विषय व्यापक महत्व का है इसलिए समस्या के स्थाई निराकरण के लिए ऊर्जा मंत्री, मुख्य सचिव और जिला कलेक्टर वितरण कंपनी को निर्देशित करें।

## ईरफ में वेल्डर का शव मिला पेड़ पर, पुलिस कर रही जांच

**कोरबा।** ईरफ गांव में 33 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव पेड़ पर लटका मिला है। पुलिस ने मामले को सामान्य बताया है और उन अटकलों को खारिज किया है जिनमें कहा जा रहा था कि पत्थरों पर खून के निशान मिले हैं।

कोरबा जिले के पाली थाना अंतर्गत चैतमा चौकी क्षेत्र में यह घटना हुई। ईरफ नामक गांव में रवि तंवर पिता धनपाल सिंह तंवर का शव पाए जाने की खबर जल्द ही आसपास में फैल गई। एक पेड़ पर उसका शव लटका पाया गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। चौकी प्रभारी ने टीम के साथ पहुंच यहां का निरीक्षण किया। बताया गया कि मृतक रवि तंवर वेल्डर था। रात्रि को वह अपने घर नहीं पहुंचा। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इसी बीच उसका शव पेड़ पर लटके होने की खबर मिली। चैतमा चौकी प्रभारी खांडे ने बताया कि मामले में मर्ग कायम किया गया है। अब तक जो सूचनाएं मिली है उसके अनुसार मृतक शराब का शौकीन था। इस बारे में आसपास के लोगों को खबर है। प्रथम दृष्टया मामला यही लग रहा है कि उसने किसी कारण से फांसी लगाई है। नजदीक में पत्थरों पर जो निशान मिले हैं वे गुटखा के हैं। इसलिए ऐसी किसी भी आशंका को सच नहीं कहा जा सकता कि निशान खून के हैं और मामला कुछ और है।

## गजदल ने कोल्गा में धान फसल को किया मटियामेट



**कोरबा।** पड़ोसी धरमजयगढ़ वनमंडल से आए 6 हाथियों के नए दल के साथ जिले के कुदमुरा वन परिसर में जमे हाथियों का दल अब कोरबा वनमंडल अंतर्गत पसरखेत वन परिक्षेत्र के कोल्गा गांव पहुंच गया है। बीती रात अचानक पहुंचे हाथियों के दल ने आते ही उत्पात मचाते हुए 10 से अधिक ग्रामीणों के खेतों में लगे धान की फसल को मटियामेट कर दिया। हाथियों द्वारा फसल रौंदे जाने से ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

वहीं वन विभाग गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का काम शुरू कर दिया है। वन विभाग उन्हें हाथियों के आने की जानकारी देते हुए जंगल न जाने की सलाह दे रहे हैं। कोल्गा गांव में फसल रौंदे जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम आज मौके पर पहुंची और रात में हाथियों द्वारा किए गए नुकसानी का आंकलन करने के साथ रिपोर्ट तैयार की। बताया जाता है कि कुदमुरा परिसर में 6 हाथी पहले से ही डेरा डाले हुए थे। बीती रात हाथियों का एक 6 सदस्यीय दल और आ गया। हाथियों के नए दल के आते ही पूर्व से मौजूद हाथी उसके पीछे हो लिए और कुदमुरा के जंगल से आगे बढ़कर पसरखेत रेंज अंतर्गत कोल्गा पहुंच गया। रात भर खेतों में उत्पात मचाने के बाद सुबह होने से पले जंगल के कक्ष क्रमांक पी 1132 में पहुंचकर विश्राम करने लगे हैं। वर्तमान में हाथियों का यह दल इसी स्थान पर है जिसकी निगरानी ड्रोन कैमरे के जरिए लगातार की जा रही है।

### बीकेकेएमएस की इकाईयों में बैठक

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन कोरबा, कुसमुंडा की नई कार्यकारिणी बनने के बाद अध्यक्ष हिरेन्द्र चंद्रा व महामंत्री रंजय सिंह ने इकाईयों का दौरा शुरू कर दिया है। इकाईयों में जाकर कोयला कामगारों की समस्याओं व सदस्यता अभियान पर चर्चा की जा रही है। यह दौरा 21 फरवरी से शुरू हुआ है। पहली बैठक रजगामार इकाई में ली गई। इसके बाद कल बल्गी में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया। जिसमें कहा गया कि कोयला कामगारों की समस्याओं को लेकर काम करने की जरूरत है। जो संगठन जितना अधिक मेहनत करेगा वह आगे बढ़ेगा। कोरबा की सभी इकाई में अनेकों समस्याएं हैं। इन समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा जाए।

## क्यों होता है सूर्य ग्रहण, विज्ञान दिवस पर छात्राओं ने दिखाया वैज्ञानिक दृष्टिकोण

**कोरबा।** ज्ञान, विज्ञान और दर्शन के साथ एक समग्र वैज्ञानिक दृष्टिकोण के माध्यम से विद्यार्थियों की क्षमता को परिष्कृत करने के लिए लगातार काम हो रहा है। हमारे आसपास कि नहीं वरन धरती से लेकर अंतरिक्ष में होने वाली घटनाओं का विज्ञान से क्या कनेक्शन होता है , राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर इसे रेखांकित किया गया। छात्राओं की प्रतिभा ने अपने शिक्षकों को प्रभावित किया।

अवसर था राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (28 फरवरी) का। शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय साडा कोरबा में विज्ञान दिवस मनाया गया, जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने विज्ञान के चलित मॉडल की प्रदर्शनी लगाई। छात्राओं द्वारा विद्युत घंटी, वर्षा अलर्ट यंत्र, सूर्य ग्रहण ,चंद्र ग्रहण ,विद्युत के सुचालक-कुचालक ,रेत घड़ी, पारंपरिक वाटर फिल्टर, सौरमंडल का चलित मॉडल आदि विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रयोगों को यंत्रों के माध्यम से दर्शाया गया।



प्रदर्शनी में विद्यालय के प्राचार्य रणधीर सिंह,व्याख्याता गण, मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक बी एल देवांगन एवं मिडिल स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

छात्राओं द्वारा किए गए इस प्रयास की सभी ने सराहना की । प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय में ऐसे आयोजनों का उद्देश्य छात्राओं को तर्कशील बनाना, विज्ञान के लाभों से अवगत कराना, यांत्रिकी के प्रयोग से दैनिक कार्यो को आसान बनाना एवं छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करना है। बताया गया कि शिक्षा सत्र के दौरान एकेडमिक कैलेंडर को ध्यान में रखते हुए अनेक गतिविधियों पर लगातार काम किया जा रहा है। इसके कई सकारात्मक परिणाम हमारे सामने आए हैं। विद्यार्थियों की समझ और उनकी क्षमता का न केवल विकास हुआ है बल्कि उन्होंने अपने आप को हर प्लेटफार्म पर बेहतर तरीके से प्रस्तुत करने का गुण भी प्राप्त कर लिया है। अलग-अलग स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी उपलब्धि से उन्होंने अतिथियों और निर्णायकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है और बता दिया है कि अवसर की प्राप्ति होने पर वे बहुत कुछ कर सकती हैं।

### मच्छरदानी से निकाला कोबरा को

**कोरबा।** मानिकपुर के आवासीय क्षेत्र में पिछली रात अनहोनी टल गई। यहां पर एक मकान से 5 फीट लंबे कोबरा सर्प को रेस्क्यू किया गया। बताया गया कि लोग सोने जा रहे थे, तभी उन्होंने मच्छरदानी के भीतर सर्प को देखा। तुरंत रेस्क्यू टीम को जानकारी दी गई जिसे मौके पर पहुंचकर खतरे को टाल दिया।

### पताढ़ीधाम में बनेगा भवन

**कोरबा।** पताढ़ीधाम में मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक फूलसिंह राठिया भी मेले में शामिल हुए। उन्होंने विधायक मद से नए भवन बनाने की घोषणा की है। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष लखन लहरे, गैस राम मिरी, कमलेश अनंत, प्रकाश यादव आदि उपस्थित थे।




स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोनः 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com